दैनिक

**संस्करण :** जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 70 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर | रविवार, 11 जनवरी 2026 | माघ माह, कृष्ण पक्ष अष्टमी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan






## कांस्टेबल नव नियुक्ति समारोह

# 'बिना सिफारिश और बिना खर्चे के युवाओं को मिल रही नौकरी' : अमित शाह

### 'भजनलाल सरकार ने पेपरलीक से राजस्थान को दिलाई निजात', तीन नए कानून शरीर, संपत्ति और सम्मान की रक्षा की गारंटी

## 9000 नव नियुक्त कॉन्स्टेबलों को शाह ने सौंपे नियुक्ति पत्र

### बोले-योग्यता से मिली नौकरी, सिफारिश नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पारदर्शी तरीके से लोकसेवकों की भर्ती करने से ही कोई प्रदेश आगे बढ़ सकता है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार का पेपरलीक का सिलसिला खत्म कर राजस्थान को इससे निजात दिलाई है। उन्होंने कहा कि हमारी राज्य सरकार भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता रखते हुए भ्रष्टाचार का उन्मूलन और योग्यता का सम्मान करते हुए राजस्थान के युवाओं को 'बिना सिफारिश और बिना खर्चे' के नौकरी दे रही है।

शाह शनिवार को आरपीए में कांस्टेबल नव नियुक्ति समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छी कानून व्यवस्था से ही प्रदेश का विकास संभव है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने पेपरलीक पर रोक लगाने के साथ-साथ कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान को पूरे देश में निवेश का अग्रणी राज्य बनाने का काम भी किया है। इसी का परिणाम है कि आज देशभर के निवेशक राजस्थान की ओर आने की स्पर्धा कर रहे हैं।

#### राजस्थान पुलिस देश का अग्रणी पुलिस बल-

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राजस्थान पुलिस बल देश के अग्रणी और सक्षम पुलिस बलों में स्थान रखता है। उन्होंने नव चयनित कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र मिलने की बधाई देते हुए कहा कि जिन युवाओं को आज वर्दी मिली है वे स्थिर चित्त के साथ पूरा ध्यान अपने प्रशिक्षण पर लगाएं और इसके उपरांत अपने काम से जनता की सेवा और सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए सुरक्षित राजस्थान के संकल्प को चरितार्थ करें। उन्होंने चयनित कांस्टेबलों में 2,500 से ज्यादा महिलाओं के शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री शाह ने कहा कि पाकिस्तान से लगती एक हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा, चंबल के दुर्गम बीहड़, थार का मरूस्थल, अजमेर में दरगाह शरीफ, पुष्कर, नाथद्वारा, चित्तौड़, उदयपुर, जोधपुर, जयपुर जैसे पर्यटक स्थलों तथा रणथंभौर, सरिस्का, केवलादेव जैसे प्राकृतिक स्थलों वाले इस प्रदेश में भौगोलिक परिस्थिति के कारण पुलिस की चुनौती और बढ़ जाती हैं।

#### दो साल में राजस्थान पुलिस बनी आधुनिक-

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि दो साल में राजस्थान पुलिस में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन, पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए अभय कमांड सेंटर से 112, सीसीटीएनएस और इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) को एकीकृत करने, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की शुरूआत, एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स के गठन की शुरूआत जैसी कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। इसी क्रम में साइबर अपराधों को रोकने के लिए राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर की स्थापना का अहम कदम उठाया गया है।

#### आपराधिक न्याय प्रणाली के पांचों स्तम्भ ऑनलाइन जुड़े-

श्री शाह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 150 साल पहले बने अंग्रेजों के कानूनों को समाप्त कर भारतीय न्याय संहिता सहित तीन नए कानून लाए गए हैं। ये संहिताएं संविधान द्वारा प्रदत्त शरीर, संपत्ति और सम्मान की रक्षा की गारंटी को सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई हैं। नए कानूनों में तकनीक को अहम स्थान देते हुए आपराधिक न्याय प्रणाली के पांचों स्तंभ पुलिस, अभियोजन, जेल, एफएसएल एवं कोर्ट को ऑनलाईन जोड़ा गया है। नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए इन कानूनों के माध्यम से कई नए प्रावधान किए गए हैं। महिला सुरक्षा एवं बाल सुरक्षा का नया अध्याय भी जोड़ा गया है।



#### राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर की होगी स्थापना - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर साइबर अपराध की चुनौती से प्रभावी रूप से निपटने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की तर्ज पर प्रदेश में राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (आर4सी) की स्थापना की घोषणा की। आर4सी को साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। आर4सी के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के बीच साइबर अपराधों से संबंधित समन्वय, सूचना-साझाकरण और अनुसंधान को एक सुदृढ़ और केंद्रीकृत ढांचा प्रदान किया जाएगा। साथ ही, पुलिस अधिकारियों का क्षमता-वर्धन भी किया जाएगा।

# वेनेजुएला के बाद मेक्सिको ट्रंप के निशाने पर

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमले की दी धमकी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों धमकियां देने के मूड में नजर आ रहे हैं। दरअसल, वेनेजुएला के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब ट्रंप की नजर ग्रीनलैंड पर है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिए हैं कि वह मैक्सिकन इलाके में ड्रग कार्टेल के खिलाफ हमले का ऑर्डर दे सकते हैं।

#### ट्रंप ने वेनेजुएला पर हमला कर के मादुरो हिरासत में लिया, अब अमेरिका ने मैक्सिको को धमकी दी

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पिछले हफ्ते वेनेजुएला पर हमला करके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को काराकास में उनके कंपाउंड से हिरासत में ले लिया था। इसके बाद अब उन्होंने अमेरिका के मैक्सिको के खिलाफ फिर से धमकियां दी हैं।

ट्रंप ने मैक्सिको पर अमेरिका में ड्रग्स और अवैध प्रवासियों को भेजने का भी आरोप लगाया है, जिनमें से कई को उन्होंने हिंसक क्रिमिनल बताया है। सितंबर 2025 से, अमेरिका ने कैरिबियन में कम से कम 35 कथित कार्टेल बोट पर हमला किया है। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति ने वेनेजुएला पर भी यही आरोप लगाकर कार्रवाई की थी। हालांकि, मादुरो ने इस बात से साफ इनकार किया था। ट्रंप ने गुरुवार रात फॉक्स न्यूज के सीन हैनिटी से कहा, हमने पानी के रास्ते आने वाली 97 फीसदी ड्रग्स को खत्म कर दिया है और अब हम कार्टेल के मामले में जमीनी स्तर से भी ड्रग्स ले जाने के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने जा रहे हैं।

ट्रंप ने कहा, मेक्सिको को कार्टेल चला रहे हैं। उस देश के साथ जो हुआ है, उसे देखना बहुत,



बहुत दुख की बात है। वहीं शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने ट्रंप के इस बयान को उनके बात करने के एक तरीके का हिस्सा बताया। शीनबाम ने आगे कहा कि उन्होंने विदेश मंत्री जुआन रेमन डे ला फुएंते को अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो से और अगर जरूरी हो, तो ट्रंप से सहयोग मजबूत करने के लिए बात करने के लिए कहा है। पिछले हफ्ते, मैक्सिकन विदेश मंत्री ने वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य रेड की आलोचना करते हुए इसे क्षेत्रीय स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा बताया। मादुरो के किडनैपिंग के बाद, ट्रंप ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को भी अपशब्द कहा। फिर बाद में अमेरिका और कोलंबिया के राष्ट्रपति ने बुधवार को तनाव कम करने के लिए फोन पर बात की। इस बातचीत के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्रूथ सोशल पर जानकारी दी कि पेट्रो को उन्होंने मुलाकात के लिए आमंत्रित किया है और यह मुलाकात व्हाइट हाउस में होगी।

## राजस्थान के एमबीबीएस स्टूडेंट की कजाकिस्तान में मौत


### इकलौते बेटे की 6 महीने में पूरी होने वाली थी डिग्री; अब गांव आएगी डेडबॉडी

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़।** कजाकिस्तान में एमबीबीएस कर रहे कोटपूतली-बहरोड़ के स्टूडेंट की मौत हो गई। इसी साल जून में उसकी डिग्री पूरी होने वाली थी। 4 सितंबर 25 को ही वह घर से कजाकिस्तान गया था। शनिवार दोपहर 3:30 बजे राहुल का शव दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा, जहां से गांव के लिए रवाना हुआ।

माता-पिता को नहीं दी गई मौत की सूचना

कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नांगल खोड़िया गांव के रहने वाले राहुल यादव (25) पुत्र दीपचंद साउथ कजाकिस्तान मेडिकल एकेडमी के स्टूडेंट था। वह इकलौता बेटा था। उसकी एक बड़ी बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। राहुल अविवाहित था। बताया जा रहा है कि उनके माता-पिता को अभी तक बेटे की मौत की सूचना नहीं दी गई है। उन्हें इतना जरूर बताया गया है कि राहुल का एक्सीडेंट हो गया है। पिता दीपचंद ने बताया कि 6 जनवरी को हादसे की सूचना मिली थी।



# जयपुर में ऑडी का कहर 16 को रौंदा, एक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार रात रेसिंग कर रहे एक ऑडी कार ने कहर मचा दिया। मानसरोवर के भीड़भाड़ वाले इलाके में 120 की रफ्तार से दौड़ रही ऑडी कार पहले बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई, फिर सड़क किनारे लगी फूड स्टॉल्स में घुस गई। इस दौरान वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। कार करीब 16 लोगों को रौंदते हुए एक पेड़ से टकराकर रुकी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई।

वहीं, चार लोग गंभीर घायल हैं। आरोपी ड्राइवर सहित तीन लोग फरार हैं। इनमें जयपुर पुलिस का सिपाही भी है। कार सवार एक युवक को भीड़ ने पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार चारों लोग नशे में थे। हादसा रात करीब 9:30 बजे पत्रकार कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित खराबास सर्किल के पास हुआ।

### बाढ़ ही जब खेत खाने लगे, तो रखवाले का क्या भरोसा

# कालवाड़ तहसील के मांचवा गांव में गैर मुमकिन नदी भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास

### हत्का पटवारी ने माना अवैध कब्जा मामला तहसील तक पहुंचा कार्यवाही नहीं

बढ़ता राजस्थान

**कालवाड़ (नि.स.)।** जयपुर जिले की कालवाड़ तहसील के मांचवा गांव में राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुमकिन नदी के रूप में दर्ज भूमि पर अवैध रूप से आवासीय कॉलोनी विकसित किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से 'जब बाढ़ ही खेत खाने लगे, तो रखवाले कौन' वाली कहावत साकार होती दिखाई दे रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मांचवा स्थित गैर मुमकिन नदी खसरा नंबर 29/ 1086 एवं 271 /1088 की भूमि पर एक प्रभावशाली भूमाफिया द्वारा अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि स्वयं को अधिकारियों का करीबी बताने वाला यह व्यक्ति नियमों को ताक पर रखकर रातों-रात तारबंदी कर चुका है तथा एक कच्चा कमरा बनाकर उसमें एक महिला को निवास के लिए बैठा दिया गया, जो स्वयं को उक्त भूमि का मालिक बता रही है।

ग्रामीणों की शिकायत पर हल्का पटवारी द्वारा मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार की गई, जिसमें उक्त भूमि पर भूमाफिया द्वारा अवैध कब्जे की पुष्टि की गई है। यह रिपोर्ट संबंधित तहसीलदार को प्रस्तुत की गई, जिस पर कालवाड़ तहसीलदार ने जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को रिपोर्ट भेजकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।



गौरतलब है कि गैर मुमकिन नदी खसरा नंबर 29/1086 एवं 271/1088 की भूमि पर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का स्टे पूर्व से ही लागू है। इसके बावजूद भूमाफिया द्वारा इस बहुमूल्य भूमि पर कब्जा करने के प्रयास लगातार जारी हैं। बताया जा रहा है कि उक्त भूमि पर पहले से ही हनुमान नगर नाम से एक आवासीय कॉलोनी अस्तित्व में है, जिसके चलते भूमाफिया द्वारा अवैध कब्जे के प्रयास और तेज कर दिए गए हैं।

इस संबंध में कालवाड़ थाने में मदनलाल पुत्र देवाराम, निवासी खतवाड़ी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार गैर मुमकिन नदी खसरा नंबर 29/1086 एवं 271/1088में उनका भूखंड संख्या 51, क्षेत्रफल 111 वर्गगज स्थित है, जिस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गैर मुमकिन नदी की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

# पावटा के पास खड़ी पिकअप से टकराई रोडवेज बस, 32 यात्री घायल, चालक गंभीर, हाईवे पर लगा जाम

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा थाना इलाके में शनिवार सुबह घने कोहरे के बीच जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। पावटा उपजिला अस्पताल से करीब एक किलोमीटर पहले चूना फैक्टरी के पास हुई इस दुर्घटना में राजस्थान रोडवेज बस सड़क किनारे खड़ी पिकअप से टकरा गई, जिसके बाद बस डिवाइडर पर चढ़ गई। अचानक हुए हादसे से बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। प्रागपुरा थाना अधिकारी भजना राम ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि पावटा के निकट रोडवेज बस और पिकअप की टक्कर हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पिकअप का टायर फटने के बाद वाहन सड़क किनारे खड़ा था, जिसके पीछे पड़ी स्टेपनी कोहरे की वजह से दिखाई नहीं दी। इसी दौरान दिल्ली की ओर जा रही राजस्थान रोडवेज बस का टायर स्टेपनी पर चढ़ गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। उपजिला अस्पताल पीएमओ डॉ. रवि बंसल ने बताया कि हादसे की सूचना सुबह करीब 07.30 बजे मिलते ही अस्पताल में इमरजेंसी टीम को अलर्ट किया गया और चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ व सहयोगियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई। उन्होंने बताया कि बस चालक




किरण कुमार के सीने पर स्टीयरिंग दबने से गंभीर चोट आई, जबकि करीब पांच अन्य घायल यात्रियों को जयपुर रेफर किया गया। सह चालक रंजिता देवी ने बताया कि बस में करीब 50 सवारियां थीं, जिनमें उनके सहित करीब 32 लोग घायल हुए। अधिकतर लोगों को हल्की चोटें आईं और प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घायलों के उपचार में वरिष्ठ चिकित्सक एस.के. वर्मा व डॉ. अशोक ने भी विशेष भूमिका निभाई। दोनों चिकित्सकों ने घायलों की स्थिति का जायजा लेकर प्राथमिक एवं उन्नत उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई। डॉ. एस.के. वर्मा ने कहा कि कोहरे में होने वाले हादसों में ज्यादातर चोटें चेहरा, छाती और अंगों पर आती हैं, ऐसे में त्वरित उपचार जरूरी होता है। वहीं डॉ. अशोक ने बताया कि गंभीर घायलों को देर न करते हुए रेफर किया गया, जबकि सामान्य घायलों को प्राथमिक उपचार देकर सुरक्षित छुट्टी दी गई।

### हादसे में घायल

हादसे में घायल यात्रियों में रोहित (जयसिंहपुरा राजपूत), श्रवण कुमार (बाघावास), नमन (जयसिंहपुरा), मनिष (खोरी), कृष्णा गुर्जर, सचिन गुर्जर (नारायणपुर) सहित रोहिताश, प्रेमराज, ललित, जितेंद्र स्वामी, पवन कुमार योगी, अनिता देवी, अंजलि, प्रदीप, वंदना, रीतिका, सरपेश, रवि कुमार, दीपक सैनी, महेन्द्र, दलिप, योगेन्द्र, दीपक, ईशारानी, राजेश, कल्पित, रामवतार, दौलत, सीता व रीतिका शामिल हैं। अधिकांश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

प्रागपुरा थाना एएसआई कंवर सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद हाईवे कुछ देर बाधित रहा। पुलिस टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड करवा कर यातायात सुचारू कराया। प्रकरण में आगे जांच जारी है। स्थानीय प्रशासन ने कोहरे के कारण हाईवे पर बढ़ते हादसों पर चिंता जताते हुए वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक चलने, लो बीम पर हेडलाइट रखने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा हाईवे पर बिना संकेतक वाहन खड़ा न करने की अपील की है।

## पाटन से ढाबों के लिए आया छह क्विंटल मिलावटी पनीर पकड़ा

**सिरोही में बेचने की फिराक में गुजरात से आया था वैन चालक**

**बदबूदार व मिलावटी होने से गड्ढे में डाल नष्ट किया पनीर**



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** ढाबों पर बिकने के लिए आया मिलावटी पनीर स्वास्थ्य महकमे की सतर्कता से पकड़ा गया। विभागीय कार्रवाई में छह क्विंटल मिलावटी पनीर जब्त किया गया है। बदबूदार व मिलावटी सैम्पलिंग के बाद पूरा माल नष्ट करवा दिया गया। वैन चालक यह मिलावटी पनीर गुजरात के पाटन से लेकर आया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेशकुमार खराड़ी ने बताया कि शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। खाद्य सुरक्षा दल ने शनिवार को निरीक्षण के दौरान एक वैन की जांच की। वैन में पाटन निवासी थरादरा शहजाद सिद्दीकी के पास से करीब 600 किलो पनीर मिला। मोबाइल लैब के जरिए जांच करने पर यह पनीर मिलावटी मालूम हुआ। इसके बाद जोधपुर लैब के लिए भी सैम्पल भेजे गए। बाद में तालाब किनारे गड्ढा खुदवाकर पनीर नष्ट कर दिया गया। सीएमएचओ डॉ. दिनेशकुमार खराड़ी की निगरानी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश प्रजापत व धर्मवीर रैगर ने पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया।

**न लाइसेंस मिला और न बिल**-बताया जा रहा है कि यह पनीर सस्ती दरों पर बेचे जाने की बात सामने आई है। वैन चालक के पास पनीर के सम्बंध में किसी तरह का खाद्य अनुज्ञा पत्र, एवीएम बिल आदि नहीं मिले। स्वाद में खट्टा एवं बदबूदार होने से प्रथमदृष्टया मिलावट का संदेह हुआ। इस पर मोबाइल फुड लैब मौके पर बुलाई गई। जांच में पनीर अमानक पाया गया।

**ढाबों पर बेचने आया था** -खाद्य सुरक्षा दल की टीम ने वैन चालक से जानकारी हासिल की। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह सस्ती दरों पर हाईवे के ढाबों पर बेचने आया था। लिहाजा जिन ढाबों पर पनीर बेचा गया है, टीम को अब वहां भी सैम्पलिंग कार्रवाई करनी पड़ेगी। फिलवक्त पनीर के नमूने जांच के लिए खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला जोधपुर भेजे गए हैं।

## पावटा में फ्लाईओवर व ऊँचे अंडरपास की राह साफ! एनएचएआई टीम ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** स्थानीय कस्बे में फ्लाईओवर व यातायात सुधार की वर्षों से लंबित मांग को गति मिलती नजर आ रही हैं। कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे सुभाष चंद्र शर्मा की पहल पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजे गए पत्र के बाद ह्ढ्ढ के तकनीकी अधिकारियों और इंजीनियरों की टीम ने शनिवार, 10 जनवरी को पावटा में विस्तृत निरीक्षण किया। टीम ने फिजिबिलिटी की जाँच कर उपजिला अस्पताल पावटा के सामने बड़े फ्लाईओवर तथा नवोदय रोड के सामने ऊँचे अंडरपास निर्माण को लेकर प्रारंभिक सहमति व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान टीम ने मुख्य स्टैंड पर भाँकरी रोड के सामने बने छोटे अंडरपास का भी अवलोकन किया, जहां हमेशा भारी जाम की स्थिति रहती है। तकनीकी अधिकारियों ने इसे यातायात का प्रमुख ड्ढशह्लह्लद्यद्गठ्ठद्गष्द्म मानते हुए विस्तार व सुधार के लिए रिपोर्ट तैयार की। इसी के साथ लाडाकाबास में बाबा बालनाथ आश्रम के पास विराटनगर मोड़ पर प्रस्तावित फ्लाईओवर की संभावना भी जाँची गई। ह्ढ्ढ अधिकारियों की ओर से मौके पर बनाई गई विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## रेलवे स्टेशन पर भाजपा व संघर्ष समिति पदाधिकारियों में तनातनी

**बीच बचाव न करते तो गुत्थम-गुत्था हो जाते पदाधिकारी**

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही (नि.स.)।** रेल सेवाओं की मांग को लेकर गठित पिण्डवाड़ा जन संघर्ष समिति व भाजपा पदाधिकारी शनिवार को आमने-सामने हो गए। यह घटनाक्रम शनिवार को पिण्डवाड़ा रेलवे स्टेशन पर उस समय हुआ, जब साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस के पहली बार ठहराव को देखते हुए भाजपा ने स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया था।

बताया जा रहा है कि भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष व संघर्ष समिति के पदाधिकारी के बीच गर्मागर्मी हो गई। वहीं खड़े अन्य कार्यकर्ताओं ने बीच-बचाव किया। उल्लेखनीय है कि संघर्ष समिति जब से पिण्डवाड़ा से सिरोही-बागरा रेल लाइन जोड़ने की मांग करते हुए आंदोलन कर चुके हैं तब से भाजपा कार्यकर्ता इनसे नाराज चल रहे हैं। समिति का कहना है कि सांसद लुम्बाराम चौधरी केंद्र में यहां का प्रतिनिधित्व करते हैं इसलिए उनको वहां पैरवी करनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान समिति ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी भी की। ऐसे में लग रहा है कि सांसद के सामने अपना नम्बर बढ़ाने के लिहाज से भाजपा पदाधिकारी समिति पदाधिकारियों से नाराजगी जताते हैं।

### पहली बार ठहराव पर किया स्वागत

पिंडवाड़ा स्टेशन पर लम्बी दूरी की साबरमती-गोरखपुर ट्रेन के पहली बार ठहराव को देखते हुए भाजपा की ओर से स्वागत किया गया। विधायक समाराम गरासिया ने लोको पायलट को माल्यार्पण किया। इसके बाद हरी झंडी दिखा कर ट्रेन को रवानगी दी। भाजपा जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, मंडल अध्यक्ष संतोष गहलोत, जीतू देवासी, महिपाल चारण, काशीराम रावल समेत कई लोग मौजूद थे।

## वरिष्ठजनों की पहल को नकारते हुए प्रकाश कोठारी ने किया त्याग से इन्कार, हर्ष मेहता ने विड्रो किया फार्म

**उपलब्ध नहीं हो पायी पूर्ण पते सहित मतदाता सूची, प्रत्याशी परेशान-नहीं कर पा रहे जनसंपर्क**

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** ओसवाल सभा के आगामी चुनावों में समाज के वरिष्ठ जनों ने पहल करते हुए अध्यक्ष पद के तीनों प्रत्याशियों से समाज हित में बात करते हुए निर्विरोध चुनाव करवाने एवं समाज में जो विघटन हुआ हैं उसे समाप्त करने की कोशिश की और समाज के वरिष्ठ हर्ष मेहता को निर्विरोध अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, इस पर संजय भण्डारी ने सहमति जताते हुए समाज हित में त्याग एवं समर्पण की बात कही, किन्तु अध्यक्ष पद के दूसरे प्रत्याशी प्रकाश कोठारी ने उपरोक्त प्रस्ताव को सिरे से नकारते हुए चुनाव लड़ने की बात की। इस पर मजबूरन हर्ष मेहता ने अध्यक्ष पद से अपना फार्म विड्रो कर लिया। आज भी जब कुछ प्रत्याशियों ने ओसवाल सभा में मतदाताओं के पूर्ण पते एवं मोबाइल नम्बर सहित मतदाता सूची के लिए संपर्क किया तो वो उन्हें उपलब्ध नहीं करवाई गई और चुनाव संयोजक सुरेन्द्र मेहता और मानक जारोली ने बताया कि ऐसी कोई प्रामाणिक सूची या मतदाताओं के बारे में पते व मोबाइल नम्बर सहित सूचनाएं उनके पास उपलब्ध नहीं है। ऐसे में प्रत्याशियों को 9500 से अधिक मतदाताओं से सम्पर्क करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं जबकि अब चुनावों में 10 दिन से भी कम का समय बचा हैं। शनिवार को संजय भण्डारी ने अपने 50 ही प्रत्याशियों के साथ सुबह मंडी, बड़ा बाजार, मोती चोहट्टा,घंटाघर इत्यादि क्षेत्र और शाम को यूनिवर्सिटी क्षेत्र में प्रचार किया। उनके साथ प्रचार में अनामिका चैधरी, प्रशांत भण्डारी, कमलेश वया, अशोक दशरड़ा, रेणु जैन, अरविन्द जारोली, सुरेन्द्र जारोली, सोनू जारोली, अनिल मेहता, अंकुर मुर्डिया, सुधीर मेहता, राज कुमारी गन्ना, हेमन्त मेहता, ललित जैन, सतीश कच्छारा, सोनू नागौरर,भावना नागौरर, प्रशांत भंडारी, राकेश बया, कुलदीप मेहता, महेश बया, किरण नागौरी,रूपम नलवाया, राज कुमार मेहता इत्यादि बड़ी संख्या में प्रत्याशी एवं समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है

**गोयली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास**



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि क्षेत्र को अच्छी व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना उनकी प्राथमिकता है। इसमें कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। गोयली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद क्षेत्रवासियों को भरपूर सुविधाएं मिल सकेगी। वे शनिवार को गोयली में आयोजित पीएचसी भवन के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। ग्रामीणों से भी सहयोग मांगा। उन्होंने जनभावनाओं के अनुरूप कार्य किए जाने का भरोसा दिलाया। बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण पर एक करोड़ 82 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने गोयली गांव में स्वीकृत किए गए अटल गौरव पथ व पानी टंकी निर्माण का भी उल्लेख किया। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने सरकारी योजनाओं से लाभ उठाने का आग्रह किया। इस दौरान जिला प्रमुख अर्जुनराम, प्रधान हंसमुखकुमार, जिला परिषद सदस्य महेंद्रकुमार राणा, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मणसिंह, प्रशासक राजू कुंवर, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, सीएमएचओ डॉ.दिनेश खराड़ी, बीसीएमओ डॉ.विवेक जोशी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## ऊंट उत्सव: दूसरे दिन योग साधकों ने किया योग घने कोहरे और ठंड के बावजूद डटे रहे योग साधक

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव के दूसरे दिन शनिवार के कार्यक्रमों की शुरुआत %करें योग, रहे निरोग% कार्यक्रम के साथ हुई।

संसोलाव तालाब के पास स्थित पीपल पार्क में घने कोहरे और ठंड के बावजूद सैकड़ो योग साधकों ने योग क्रियाएं की तथा बीकानेर की संस्कृति, सभ्यता और यहां की परंपराओं को समृद्ध करने का संदेश दिया। जिला प्रशासन तथा पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय ऊंट उत्सव के दूसरे दिन पहली बार यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रवीर योगासन स्पोर्ट्स अकैडमी, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के योग विभाग, एलएम स्पोर्ट्स अकैडमी, एमएम ग्राउंड क्रिकेट अकादमी तथा कपिल क्रीड़ाश्रम के प्रतिनिधियों तथा शारीरिक शिक्षकों सहित स्थानीय योग साधकों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षण भुवनेश पुरोहित के नेतृत्व में यशोवर्धिनी आचार्य, स्नेहा व्यास, सपना बेरवाल और प्रियंका रघुवंशी ने प्रोटोकॉल के अनुसार प्रशिक्षण दिया तथा योग से जुड़ी जानकारी दी।

पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक महेश व्यास ने कहा कि नियमित योग और प्राणायाम के माध्यम से शरीर और मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार महोत्सव में कई नवाचार किए जा रहे हैं।

सहायक पर्यटन अधिकारी नेहा शेखावत, जिला खेल अधिकारी सुरेंद्र हर्ष, रामेंद्र हर्ष, रामकुमार पुरोहित, शिवाजी छंगाणी, मदन मोहन छंगाणी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** राजपूत महासभा की ओर से रविवार 11 जनवरी को रावजी हाटा स्थित राजपूत भवन मे एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित होगा। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है। महासभा के महासचिव प्रदीप सिंह भाटी ने सराहनीय पहल पर उक्त शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहरवासियों के लिए शहर में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में युवा समाजसेवी, शहर के चिंतक और राजपूत महासभा के इस शिविर में डॉ. खुशबू खमेसरा (फिजिशियन-होम्योपैथी) एवं डॉ. लीपा मोहंती (प्रोफेसर एवं फेको सर्जन, नेत्र विभाग) द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार की सलाह दी जाएगी। इसके साथ ही निःशुल्क ब्लड शुगर व टोटल कोलेस्ट्रॉल जांच की सुविधा एपेक्स सोनोग्राफी एंड लेब द्वारा अन्य सभी जांचों पर 25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप सिंह भाटी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को उनके नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था की दिशा में यह प्रयास किया जा रहा है।

भाटी ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

## एक शाम गौ सेवा के नाम:भक्ति संध्या व हाउजी गेम्स का भव्य आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** गुरु कमल चंद्रोशन गौ सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में 'एक शाम गौ सेवा के नाम' भक्ति संध्या का आयोजन दिनांक 11 जनवरी रविवार को शाम 6 बजे सुखाड़िया रंगमंच, टाउन हॉल, उदयपुर में किया जा रहा है। ट्रस्ट की महासचिव सीमा जैन ने बताया कि यह भव्य भक्ति संध्या हाउजी गेम्स के साथ संपन्न होगी। कार्यक्रम के माध्यम से एकत्रित की गई संपूर्ण चैरिटी राशि से 12, 13, 14 व 15 जनवरी को उदयपुर एवं आसपास की 21 गौशालाओं में गौ माता के लिए महाप्रभु प्रसाद वितरित किया जाएगा। जिसमें 21 क्विंटल लापसी, 21,000 किलो चारा, 2100 रोटियां, गुड़ एवं 21 किलो खोपरा का वितरण किया जाएगा। भक्ति संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक पिंटू सेन, विश्वास नंदवाना, मुकेश पालीवाल सहित अन्य कलाकार अपने भजनों के माध्यम से गौ माता की महिमा का गुणगान करेंगे। भक्ति संध्या के साथ फौजी गेम्स नाकोड़ा भक्त भाग्यश्री गन्ना कै सानिध्य में खेला जाएगा,साथ ही कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया जाएगा। हाउजी टिकट एवं लक्की ड्रॉ में एलइडी टीवी फ्रिज वाशिंग मशीन आदि 14 पारितोषिक रखे गए है।

## पावटा सिविल न्यायालय में स्थाई न्यायिक अधिकारी की मांग तेज, बार एसोसिएशन ने सांसद-विधायक को ज्ञापन सौंपा




बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** पावटा बार एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह एवं विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ को ज्ञापन सौंपकर उपखण्ड पावटा में सिविल न्यायालय में स्थाई न्यायिक अधिकारी की तैनाती, एडीजे कैम्प कोर्ट प्रारंभ करने, जिला कोटपूतली-बहरोड़ में स्थाई राजस्व अपील अधिकारी नियुक्त करने तथा तहसील कार्यालय में जमे भ्रष्ट कर्मचारियों के स्थानांतरण सहित विभिन्न मांगें रखी गईं। बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव ने बताया कि पावटा उपखण्ड में सिविल व फौजदारी मुकदमों की संख्या कोटपूतली मुख्यालय के बराबर होने के बावजूद यहां स्थाई न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति नहीं है, जिसके कारण आमजन को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के बाद भी उच्च न्यायालय की ओर से स्थाई न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है तथा एडीजे कोर्ट के लिए बजट में भी स्वीकृति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि जिला कोटपूतली-बहरोड़ में राजस्व अपील अधिकारी की गैर-मौजूदगी के चलते काश्तकारों को अपील के लिए जयपुर की दौड़ लगानी पड़ती है, जिससे समय व धन दोनों का नुकसान होता है। गौरतलब है कि पावटा बार एसोसिएशन में पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव सुरेन्द्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार यादव सहित अनेक अधिवक्ता लंबे समय से क्षेत्र में बेहतर न्यायिक व्यवस्था एवं पारदर्शी राजस्व तंत्र की मांग को लेकर सक्रिय हैं। उनका कहना है कि पावटा उपखण्ड का दायरा बढ़ने और मुकदमों की संख्या में वृद्धि के बाद भी न्यायिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए हैं।

# कांसली-शुक्लावास रोड बचाओ संघर्ष समिति का धरना 9वें दिन भी जारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कांसली-शुक्लावास रोड बचाओ संघर्ष समिति द्वारा अपनी मांगों को लेकर दिया जा रहा धरना शनिवार को 9वें दिन भी जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए संयोजक राधेश्याम शुक्लावास ने आंदोलन की मांगों को विस्तार से रखा और प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाया। भारी वाहनों पर प्रतिबंध इस मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को तुरंत प्रभाव से रोका जाए।अतिक्रमण पर कार्रवाईः नदी के समीप स्थित 'अल्ट्राप्राइम रोडी क्रेशर' द्वारा मंदिर की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ तहसीलदार द्वारा जारी '91 की बेदखली' के आदेशों की तुरंत पालना हो। प्रदूषण का मुद्दाः नदी क्षेत्र में क्रेशर का अपशिष्ट और मलबा डाला जा रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से इस क्रेशर की अनुमति रद्द करने की मांग की गई है। धरने को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश मीणा, रामनिवास यादव, पूर्व चेयरमैन प्रकाश चंद सैनी और खेलना से आए जगदीश मीणा ने अपना समर्थन दिया।रामनिवास यादव ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि शासन दमनकारी नीतियों से नहीं चलेगा। प्रशासन को आमजन की वाजिब मांगें सुननी ही पड़ेंगी। जब तक यह अवैध क्रेशर बंद नहीं होता, हम ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

# बालाजी मंदिर पर भंडारे का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** कस्बे के वार्ड नंबर 16 स्थित श्रीपरमवीर मनोकामनापूर्ण बजरंगबली धाम पर रविवार को बालाजी के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर महंत पंडित विनोद कुमार शास्त्री ने बताया कि दोपहर 2 बजे भगवान को भोग लगाकर भक्तों को पंगत प्रसादी ग्रहण करवाई जाएगी। इस अवसर पर बालाजी का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा।

# जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने फील्ड में उतरा जिला प्रशासन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जयपुर जिला प्रशासन सतत् रूप से सक्रिय है। इसी क्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने फील्ड में उतरकर विभिन्न व्यवस्थाओं का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण अभियान के तहत उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सरोकार से जुड़ी योजनाओं तथा विकसित भारत-रोजग़ार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित कार्यों की वास्तविक स्थिति का गहन आकलन किया। अधिकारियों द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाएं, आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण, साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

# प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** क्रीड़ा भारती, पाली के सौजन्य में शनिवार को शहर के बांगड़ कॉलेज स्थित खेल मैदान में कबड्?डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने किया। उन्होंने खिलाडियों का परिचय लेकर स्वयं कबड्डी खेलकर टूर्नामेंट की शुरूआत की। क्रीड़ा भारती, जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह जोधा ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 132 पुरूष-महिला टीमों ने हिस्सा लिया। मैदान में 10 साल के बच्चे से लेकर 57 साल के वृद्ध जोश के साथ कबड्?डी के मैदान में उतरे और अपनी टीम को जिताने के लिए दम-खम लगाते नजर आए। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारत में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कल्पनाशील हैं। उनके कुशल नेतृत्व में देश खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा खेल और खिलाडियों को मिल रहे प्रोत्साहन की बदौलत आज भारतीय खिलाड़ी, 'खेल जगत' में भारत का परचम लहरा रहे हैं। श्री कुमावत ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल प्रभावी माध्यम होते हैं। व्यक्तित्व विकास और फिट रहने के लिए खेल जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में कोई कभी हारता नहीं है, कोई जीतता है तो कोई सीखता है। खेलों से फिर से जीतने का जज्बा आता है।

# ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर आज बूंदी और हिंडोली में

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (नि.स.)।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर रविवार, 11 जनवरी को बूंदी जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे बजट पूर्व संवाद और रात्रि चौपाल में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, श्री नागर 11 जनवरी को अपरान्ह 3.30 बजे बूंदी पहुँचेंगे। यहाँ वे बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। तत्पश्चात शाम 6 बजे हिण्डोली पहुँचेंगे और यहाँ 'रात्रि चौपाल' के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सुनेंगे।

## ऑल इंडिया विजयवर्गीय प्रीमियर लीग (वीपीएल) सीजन 9

# सीजन-9 की भव्य ट्रॉफी का हुआ अनावरण










बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ऑल इंडिया ग्लोबल 'वीपीएल-9' के लीग मुकाबलों में शनिवार को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। पहले मुकाबले में वॉल सिटी 11 ने बनाम द नेक्स्ट जेन चैंपियंस 11 को 2 विकेट से हराया।

द नेक्स्ट जेन चैंपियंस 11 ने 15 ओवर में 92 रन बनाए, जवाब में वॉल सिटी 11 ने 14.3 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। अदित्य (21) और मैन ऑफ द मैच अंकित विजयवर्गीय (नाबाद 20) ने जीत में अहम भूमिका निभाई। दिन के दूसरे मुकाबले में 'फरीदाबाद टाइटंस' ने चोमू वॉरियर्स को 8 विकेट से पराजित किया। चोमू वॉरियर्स ने 84 रन बनाए, जबकि फरीदाबाद टाइटंस ने विशाल विजय की नाबाद 44 रन की पारी की बदौलत 11.5 ओवर में जीत दर्ज की।

तीसरे लीग मुकाबले में 'जोहारी किंग्स टोंक परदेश' ने टोंक ब्लास्टर्स को 5 विकेट से हराया। टोंक ब्लास्टर्स 60 रन पर सिमट गई, जबकि जोहारी किंग्स ने 7.5 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

इस अवसर पर आयोजन समिति के 'दिनेश दुब्बी, गिरधर कलमंडा, प्रयाग पीपलू, बनवारी बांदीकुई, नरेंद्र शिवपुरी, संदीप दुब्बी, मनोज ताल चिड़ी, राकेश तालाब एवं पंकज भरथला' सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे और खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

# अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा का नववर्ष मिलन एवं पौषबड़ा महोत्सव 11 जनवरी को जयपुर में

## देशभर से समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता होंगे शामिल, तैयारियों का लिया गया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा के महासभा अध्यक्ष राकेश विजयवर्गीय (थली वाले) के निर्देशन में जयपुर में नववर्ष मिलन एवं पौषबड़ा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देशभर से महासभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाजबंधु भाग लेंगे। बाहर से आने वाले सभी अतिथियों के लिए आवास एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन से पूर्व अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने अपनी टीम के साथ समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उन्हें संतोषजनक बताया तथा आयोजन समिति को धन्यवाद दिया।



यह आयोजन बीलवा पैलेस, गठबंधन चौखी ढाणी के पास, टोंक रोड, जयपुर में दिनांक 11 जनवरी 2026 को सम्पन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8.00 से 10.00 बजे तक चाय एवं नाश्ते के साथ होगा। प्रातः 10.00 बजे दीप प्रज्वलन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रथम सत्र की बैठक प्रातः 10.15 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक आयोजित होगी। दोपहर 1.00 से 2.00 बजे तक भोजन अवकाश रहेगा। द्वितीय सत्र की बैठक दोपहर 2.00 से सायं 5.00 बजे तक चलेगी, जबकि सायं 5.00 बजे से पौषबड़ा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

इस आयोजन के निवेदक महासभा अध्यक्ष राकेश विजयवर्गीय (थली वाले) हैं। कार्यक्रम की तैयारियों में महामंत्री रामबाबू (गेरोली वाले) कोटा, कोषाध्यक्ष सीताराम (पीपलू वाले) जयपुर, प्रदेश अध्यक्ष कमलेश (डोड़वाड़ी वाले) जयपुर, जयपुर स्थानीय अध्यक्ष रतनलाल (अजमेरी वाले) सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाकांत, देवेन्द्र, बनवारीलाल विजय बांदीकुई, गणेश, आशीष, अशोक, पंकज, संजय, श्रीधर,प्रभुदयाल कुण्डल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवा स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

## टोलियों ने किया गांव-गांव में संपर्क




बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत)।** स्थानीय महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वार्ड नंबर 6 में प्रधानाचार्य शंकर लाल जांगिड़ ने स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित युवा स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत विचार विभाग प्रमुख धर्मेंद्र शर्मा पुरुषोत्तम ने बताया कि आगामी 12 जनवरी को संपूर्ण भारतवर्ष में युवा दिवस को युवा स्वदेशी संकल्प दिवस के रूप में मनाया जावेगा। युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद जी द्वारा स्वदेशी एवं स्वावलंबन के विषय पर दिए गए संदेश को गांव-गांव तक युवाओं को पहुंचाना अभियान का लक्ष्य है। देवदत्त शर्मा जिला संयोजक ने गोविंदगढ़ में संपर्क कर तीन युवा स्वदेशी संकल्प कार्यक्रमों की योजना तय करवाई। जिला सहसंयोजक पूनम चंद शर्मा ने अपनी टीम के साथ मोरीजा, त्रिकुटिया, भोजलावा, राधास्वामी बाग, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर संपर्क कर पोस्टर विमोचन के कार्यक्रम संपन्न किये। जिला विचार विभाग प्रमुख गोपाल सैनी एवं संघर्ष वाहिनी प्रमुख , राजेंद्र मक्की एवं नंदकिशोर ने फतेहपुरा, कुशलपुरा, विजयसिंहपुरा, फतेहपुरा, बांसा,सामोद से संपर्क कर युवा स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम की योजना तय करवाई। अशोक सैनी जिला संपर्क प्रमुख ने महार कला , डेहरा, कानपुरा सहित तीन कार्यक्रमों की योजना तय करवाई। जिला प्रचार प्रमुख शंकर लाल जांगिड़ ने अवगत करवाया कि चौमूं तहसील में लगभग 38 युवा स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिक्षा विद नवीन कुमार शर्मा, संतोष कुमार टेलर ने कालाडेरा नगर में पांच कार्यक्रम,घिनोई, डोला का बास, मंडा भिंडा, विमलपुरा,हस्तेड़ा एवं जयसिंहपुरा में कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई।

# राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन

## कर्मचारी चेतावनी महारैली की तैयारियों को लेकर सौंपी जिम्मेदारी



बढ़ता राजस्थान


**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन शनिवार को ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष सुरेश गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की राजधानी जयपुर में आगामी 12 जनवरी सोमवार को प्रस्तावित कर्मचारी चेतावनी महारैली की तैयारियों को लेकर जिला कोटपूतली-बहरोड़ के समस्त नोडल अध्यक्ष को जिम्मेदारी देते हुये अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों के जयपुर पहुंचने की अपील की गई। बैठक में जिला मंत्री विजेंद्र खडिया, बुधराम कसाना, हंसराज, महेंद्र सूद, संजय कसाना, मोतीलाल सोनी, उमेश कसाना, दिनेश पारासर, पवन प्रजापति, विक्रम आदि पशु चिकित्सा कर्मचारी मौजूद रहे।

# जयपुर में रचेगा इतिहास! मिसेज़ इंडिया द गॉडेस सीजऩ 3 का ग्रैंड फिऩाले आज

## पहली बार इंटरनेशनल जूरी करेगी फैसला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (बाबू अंसारी)।** भारतीय सौंदर्य प्रतियोगिता जगत में एक नया इतिहास रचने जा रहा है मिसेज़ इंडिया द गॉडेस सीजऩ 3। 11 जनवरी को होने वाला इसका भव्य ग्रैंड फिऩाले भारत की मिसेज़ प्रतियोगिताओं में पहली बार अंतरराष्ट्रीय जूरी पैनल की मौजूदगी में आयोजित होगा। यह देश का पहला ऐसा मिसेज़ मंच होगा, जहां मिस वर्ल्ड बुल्गारिया और मिस ग्रैंड इंटरनेशनल की उपविजेता जैसी विश्व-स्तरीय हस्तियां जूरी सदस्य के रूप में शिरकत करेंगी। किसी भी भारतीय मिसेज़ प्रतियोगिता में पहली बार इस स्तर की वैश्विक हस्तियों की भागीदारी भारतीय पेजेंट्री को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम मानी जा रही है। मधुकमल मोशन पिक्चर्स द्वारा आयोजित यह आयोजन केवल सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विवाहित महिलाओं की आत्मशक्ति, आत्मविश्वास, गरिमा और नेतृत्व क्षमता का उत्सव है। यह मंच उन महिलाओं को समर्पित है, जो परिवार, करियर और समाज के बीच संतुलन बनाते हुए अपनी अलग और सशक्त पहचान गढ़ रही हैं।ग्रैंड फिऩाले में देशभर से चुनी गई प्रतिभागी महिलाएं अपने व्यक्तित्व, विचारों और आत्मविश्वास से जूरी व दर्शकों को प्रभावित करेंगी। यह आयोजन न सिर्फ प्रतिभागियों के लिए, बल्कि पूरे भारतीय सौंदर्य प्रतियोगिता उद्योग के लिए एक नई वैश्विक दिशा तय करेगा। 11 जनवरी को होने वाला यह भव्य आयोजन भारतीय मिसेज़ पेजेंट की सोच, स्तर और पहचान को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने वाला एक ऐतिहासिक क्षण साबित होगा।




## प्लास्टिक प्रदूषण से देसी गौ-माता पर गहराता राष्ट्रीय संकट

# अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने देशव्यापी 'प्लास्टिक-मुक्त गौशाला अभियान' का ऐलान किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद द्वारा आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय बैठक में यह तथ्य गंभीरता से सामने आया कि प्लास्टिक प्रदूषण देसी गौ-माता के अस्तित्व के लिए एक मौन किंतु विनाशकारी संकट बन चुका है। बैठक का उद्देश्य गौशालाओं में प्लास्टिक से हो रहे प्रत्यक्ष नुकसान का आकलन कर तत्काल, समयबद्ध और परिणामोन्मुख राष्ट्रीय कार्ययोजना को लागू करना रहा। देश में प्लास्टिक खाने वाली गौ-माताओं की भयावह स्थिति पशु-चिकित्सकों, गौशाला प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय रिपोर्ट्स के आधार पर प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार भारत में अनुमानतः 30-35 प्रतिशत शहरी एवं अर्ध-शहरी गौ-माताएँ किसी न किसी रूप में प्लास्टिक निगल रही हैं। देशभर में लगभग 50 लाख से अधिक गौ-माताओं के पेट में प्लास्टिक जमा होने की स्थिति पाई गई है। इनमें बड़ी संख्या देसी नस्ल की गौ-माताओं की है, जिनका अस्तित्व गंभीर खतरे में है।



## लाखों गौ-माताएँ प्लास्टिक निगलने को विवश

### बैठक में सहभागिता

इस राष्ट्रीय बैठक में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के गौशाला प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की और अपने-अपने राज्यों की जमीनी स्थिति व समाधान साझा किए।

### राजस्थान की स्थिति

राजस्थान में अनुमानत: 8-10 लाख गौ-माताएँ प्लास्टिक प्रदूषण से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हैं।नगर क्षेत्रों, हाईवे, खुले कचरा स्थलों तथा गौशालाओं के आसपास समस्या अत्यंत चिंताजनक है। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि यह केवल पशु-कल्याण का विषय नहीं है। यह देसी गौ-माता के अस्तित्व, किसान की आजीविका और राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा प्रश्न है। प्लास्टिक-मुक्त गौशालाएँ अब विकल्प नहीं, राष्ट्रीय अनिवार्यता हैं। उन्होंने सभी राज्यों के प्रतिनिधियों से प्लास्टिक-मुक्त गौशाला अभियान को तुरंत प्रभाव से लागू कर जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।

## सम्पादकीय

# वायु प्रदूषण से संघर्ष, राज्यों ने लिया सतत रूप से सक्रिय रहने का निर्णय

यह स्वागतयोग्य है कि देर से ही सही, दिल्ली और एनसीआर के सभी राज्यों ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सतत रूप से सक्रिय रहने का निर्णय किया। इसके सकारात्मक परिणाम निकलने चाहिए, पर ऐसा तब होगा, जब दिल्ली संग एनसीआर के राज्य वास्तव में वर्ष भर वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। समझना कठिन है कि अभी तक इसकी आवश्यकता क्यों नहीं समझी गई?

अभी स्थिति यह है कि जब वायु प्रदूषण सिर उठा लेता है, तब अलग-अलग राज्य अपने-अपने स्तर पर उससे निपटने के लिए सक्रिय होते हैं। यह सक्रियता निष्प्रभावी ही रहती है। यह किसी से छिपा नहीं कि इन दिनों दिल्ली-एनसीआर वायु प्रदूषण से त्रस्त है और उससे निपटने के लिए जो भी उपाय किए जा रहे हैं, वे अपर्याप्त सिद्ध हो रहे हैं।

वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति के बीच दिल्ली एवं एनसीआर के राज्यों ने वायु की गुणवत्ता संभालने के लिए साल भर प्रदूषण रोधी उपायों पर काम करने के लिए अपनी जो योजना केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सौंपी है, उसके तहत सभी राज्य 15 जनवरी से वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने का काम शुरू कर देंगे, जो वर्ष भर चलेंगे।

अच्छी बात यह है कि इन कामों की हर महीने समीक्षा होगी। इस सबके बावजूद प्रश्न यह है कि आखिर केवल दिल्ली एवं उससे सटे राज्य ही वायु प्रदूषण से पार पाने के लिए आगे क्यों आए हैं? यह कार्य तो हर राज्य और विशेष रूप से उत्तर भारत के सभी राज्यों को करना चाहिए।

अब वायु प्रदूषण केवल दिल्ली-एनसीआर की ही समस्या नहीं है, भले ही उसकी चर्चा अधिक होती हो। सच यह है कि अब सर्दियों में उत्तर भारत के करीब-करीब सभी राज्य वायु प्रदूषण से ग्रस्त रहने लगे हैं। इसी कारण भारत की गिनती उन देशों में होने लगी है, जहां की वायु सर्वाधिक प्रदूषित बनी रहती है। उचित यह होगा कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय देश के सभी राज्यों से वायु प्रदूषण से निपटने की ऐसी किसी योजना पर काम करने को कहे, जो वर्ष भर चलती रहे।

फिलहाल यह कहना कठिन है कि दिल्ली एवं एनसीआर के राज्यों ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 12 महीने सक्रिय रहने की जो तैयारी की है, उसके कैसे नतीजे कब तक सामने आएंगे, लेकिन यह समझा जाए कि वायु प्रदूषण से मुक्ति तभी मिलेगी, जब आम जनता उसके प्रति



सजग होगी और साथ ही अपना योगदान देने के लिए भी तत्पर रहेगी।

लोगों को अपने जनप्रतिनिधियों पर इसके लिए दबाव डालना होगा कि वे जानलेवा साबित होते वायु प्रदूषण को गंभीरता से लें। उन्हें नगर निकायों पर भी दबाव बनाना होगा, क्योंकि स्थानीय स्तर पर जिन कारणों से वायु प्रदूषण बढ़ता है, उनका निवारण करने में वे नाकाम ही हैं।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 11 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2020 - भारतीय उद्योग परिसंघ और जेपीसी के साथ साझेदारी में इस्पात मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के द ओबेरॉय ग्रैंड कोलकाता में एक एकीकृत स्टील हब के माध्यम से पूर्वी क्षेत्र के 'पूर्वोदय त्वरित विकास' की शुरूआत का आयोजन किया। इस हब का शुभारंभ केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया।
- 2010 -भारत ने उड़ीसा के बालासोर में हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल अस्त्र के दो सफल परीक्षण किए। इस मिसाइल को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है।
- भारत ने बांग्लादेश के साथ पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किया जिसमें उसे विकास संबंधी परियोजनाओं के लिए एक अरब डॉलर ऋण देने का वादा शामिल है। इनमें आतंकवाद निरोधी सहयोग को बढ़ाने के लिए तीन सुरक्षा समझौते शामिल हैं।
- दिल्ली उच्च न्यायालय की तीन जजों की पीठ ने फ़ैसला सुनाया है कि भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के दफ़्तर के लिए भी सूचना का अधिकार (आरटीआई) क़ानून के तहत सूचना देना अनिवार्य है।
- 2009 - आईटी कम्पनी सत्यम को बचाने के लिए सरकार ने तीन नामित सदस्यों की नियुक्ति की। अचंता शरत कमल ने 70वीं सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में पुरुष एकल वर्ग का ख़िताब जीता।
- 2008 -
- कांग्रेस की नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने दूसरे राज्य पुनर्गठन आयोग के गठन की रूपरेखा तैयार की।
- 2006 - ओलकलाहोमा राज्य के जंगलों में लगी आग को अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश ने संघीय आपदा की घोषणा की।
- 2005 -यूक्रेन में दोबारा हुए राष्ट्रपति चुनाव में पश्चिम समर्थक विपक्षी उम्मीदवार विक्टर युश्चेंको विजेता घोषित।
- रिलायंस ने बी.एस.एन.एल. को 84 करोड़ रुपये चुकाए।
- 2004 - अहमदाबाद में हुए बलात्कार कांड का आरोपी दिल्ली के नर्सिंग होम से गिरफ़्तार।
- 2002 - पेट्रोल व डीजल के दामों में कमी। ट्राई ने बी.एस.एन.एल. को एस.टी.डी. दरों में कमी की मंजूरी प्रदान की।
- 2001 - भारत और इंडोनेशिया के मध्य पहली बार रक्षा समझौता।
- 1999 - शहरी भूमि सीमा क़ानून निरस्त।
- 1998 - लुईस फ्रेचेट (कनाडा) सं.रा. संघ की उपमहासचिव नियुक्त।
- 1995 -
- कार्टहेना, कोलम्बिया में विमान दुर्घटना में 52 व्यक्ति मारे गये।
- सोमालिया में दो वर्ष से चल रहे संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक अभियान समाप्त।
- 1993 - सुरक्षा परिषद ने खाड़ी युद्धविराम का उल्लघंन करने के लिए चेतावनी दी।
- 1973 - बांग्लादेश को पूर्वी जर्मनी ने मान्यता प्रदान की।
- 1970 - अलग हुआ बियाफ्रा राज्य नाईजीरियाई सरकार के हमले को नहीं झेल पाया और आत्म समर्पण कर दिया।

## विशेष आलेख

# नशे में डूबा जश्न और होश में डूबे मातम



राकेश शर्मा



घड़ी में अभी पाँच बजने में कुछ ही मिनट बाकी थे। वह खामोश, धोखेबाज़ वक्त रात और सुबह के बीच का जब शरीर थक चुका होता है, दिमाग़ सुन्न पड़ जाता है और इंसान खुद को सबसे ज़्यादा अजेय समझ बैठता है। तभी अचानक एक तेज़ धमाका हुआ। सडक़ पर नहीं, सीधे समाज की चेतना पर। वह टक्कर सिफर्. वाहन और वाहन के बीच नहीं थी; यह जिंद्गी और लापरवाही के बीच हुई निर्मम भिड़ंत थी। इंदौर शहर में 09 जनवरी की वह सुबह तीन परिवारों के लिए कभी खत्म न होने वाली रात बन गई। तीन जिंद्गियाँ वहीं थम गईं, और एक जिंद्गी आज भी अस्पताल के बिस्तर पर मौत से जूझ रही है।

पुलिस की बताई कहानी इस त्रासदी को और भी निर्मम बना देती है। दो युवक और दो युवतियाँ, जिनमें से एक का जन्मदिन था, रात भर जश्न में डूबे रहे। शराब की बोतलें, डिस्पोज़ेबल गिलास और देर रात तक चलने वाला उत्सव—सब कुछ उस कार के भीतर मौजूद था, जो अलसुबह तेज़ रफ्तार में आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। यह महज़ एक गलत मोड़ नहीं था; यह नशे, थकान और गैर-जिम्मेदारी का निर्मम परिणाम था। जब नशा दिमाग़ पर हावी हो जाता है, तब ब्रेक नहीं, विवेक फेल होता है। और उसी फेल विवेक की कीमत इंसान को जान देकर चुकानी पड़ती है।

हम ऐसी घटनाओं को अक्सर दुर्घटना कहकर खुद को तसल्ली दे लेते हैं। यह शब्द हमें बच निकलने का भ्रम देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि यह कोई अचानक टूटी हुई किस्मत नहीं थी, बल्कि धीरे-धीरे बुनी गई लापरवाही की चादर थी। देर रात तक शराब पीना, नींद की अनदेखी करना, तेज़ रफ्तार को रोमांच समझना, और यह मान लेना कि कुछ नहीं होगा ये सभी सोच-समझकर लिए गए फैसले थे। और फैसलों के परिणाम होते हैं। यहाँ परिणाम इतना भयावह था कि तीन सांसें हमेशा के लिए थम गईं।

आज का समाज युवाओं की आज़ादी पर गर्व करता है, लेकिन जिम्मेदारी की बात आते ही चुप हो जाता है। जश्न मनाना गुनाह नहीं है; जन्मदिन खुशी का मौका होता है। लेकिन जब खुशी विवेक को कुचल देती है, तब वह उत्सव नहीं, बल्कि आत्मघात बन जाता है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सिफर्. कानून तोडऩा नहीं है; यह दूसरों की जान को दांव पर लगाना है। और यह सोचना कि मैं संभाल लूंगा नशे का सबसे बड़ा झूठ है।

तेज़ रफ्तार को आज भी ताक़त और स्टेटस का प्रतीक माना जाता है। खाली सडक़ें युवाओं को चुनौती देती हैं, और नशे में डूबा दिमाग़ उस चुनौती को स्वीकार कर लेता है। लेकिन सडक़ किसी को माफ़ नहीं करती। खड़ा ट्रक कोई अचानक उभरी बाधा नहीं था—वह वहीं था, साफ़ और अडिग। जो नहीं था, वह था नियंत्रण, सजगता और समझ। नशा सिफर्. आँखों की रोशनी नहीं छीनता; वह निर्णय लेने की क्षमता भी तबाह कर देता है। यही वजह है कि ऐसे हादसों में पछतावे का मौका तक नहीं मिलता।

इस त्रासदी का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि इसकी कीमत सिफर्. उन चार लोगों ने नहीं चुकाई। इसकी कीमत उनके माता-पिता चुका रहे हैं, जिनके सपने ताबूत में बंद हो गए। इसकी कीमत वह घर चुका रहा है, जहाँ अब जन्मदिन की तारीख़ मातम की तारीख़ बन गई है। एक मां का सवाल मैंने उसे रोका क्यों नहीं? और एक पिता की चुप्पी मैंने उसे समझाया क्यों नहीं?इन सवालों का कोई जवाब नहीं होता, बस उम्र भर का बोझ होता है।

यहीं परिवारों की भूमिका सबसे अहम हो जाती है। बुराइयों से बचाने में परिवार ही पहली जिम्मेदारी निभाता है। अगर घर में खुलकर संवाद हो, अगर बच्चों को यह समझाया जाए कि नशा आधुनिकता नहीं, बल्कि विनाश है, तो शायद कई फैसले बदल सकते हैं। सिफर्. पढ़ाई और करियर पर ध्यान देना काफी नहीं; जीवन मूल्यों की शिक्षा उससे भी ज़्यादा ज़रूरी है। माता-पिता का व्यवहार, उनकी आदतें और उनका दृष्टिकोण बच्चों की सोच की नींव बनता है। अगर घर में ही नियमों को हल्के में लिया जाएगा, तो बाहर उनसे पालन की उम्मीद खोखली रह जाएगी।

प्रशासन और कानून की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। शराब पीकर ड्राइविंग पर सख़्त कार्रवाई, तेज़ रफ्तार पर सतत निगरानी और सडक़ों की बेहतर व्यवस्था ज़रूरी हैं। लेकिन यह मान लेना कि सिफर्. कानून ही सब कुछ ठीक कर देगा, सबसे बड़ी भूल है। कानून डर पैदा कर सकता है, लेकिन संस्कार नहीं। संस्कार घर और समाज से आते हैं। जब तक जिम्मेदारी को सहज, गंभीर और क़ानूनी कूल के ऊपर रखा नहीं जाएगा, तब तक नियमों की अनदेखी शान और साहस का प्रतीक बनी रहेगी।

यह घटना हमें आईना दिखाती है कड़वा, सच्चा और बेहद ज़रूरी आईना। यह आईना हमें झकझोर कर पूछता है कि हम किस तरह का समाज बना रहे हैं, जहाँ जश्न और खुशी अब जिंद्गी से महंगी हो गई हैं। जन्मदिन हर साल आता है, पार्टी दोबारा मनाई जा सकती है, लेकिन जिंद्गी केवल एक बार मिलती है, और एक बार चली गई तो वह कभी लौटकर नहीं आती। नशे में लिया गया एक क्षणिक, अनियंत्रित फैसला पूरे परिवार की उम्र भर की सज़ा और गहरे दर्द का कारण बन जाता है।

09 जनवरी की यह सुबह भूलने के लिए नहीं है। यह सिफर्. घटना नहीं, बल्कि चेतावनी है एक कड़वी चेतावनी, जो कहती है कि आख़िरी नहीं, शायद अगली भी आए। अगर आज भी हम नहीं चेते, अगर आज भी परिवार, दोस्त और समाज अपनी ज़िम्मेदारी और भूमिका को गंभीरता से नहीं समझे, तो अगली सुबह किसी और सडक़ पर, किसी और तेज़ रफ्तार ट्रक के सामने, किसी और घर की रौशनी हमेशा के लिए बुझ सकती है। सवाल यह नहीं है कि हादसा कब होगा; सवाल यह है कि क्या हम उससे पहले बदलने का साहस जुटा पाएँगे, और अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाएँगे।

# खामोश अपराध के खिलाफ आवाज़: मानव तस्करी जागरूकता दिवस



सुनील कुमार महला

*मानव तस्करी के पीछे कारणों की यदि हम यहां पर बात करें तो इसके पीछे प्रमुख कारण क्रमशः गरीबी और अशिक्षा, बंधुआ मज़दूरी, देह व्यापार, सामाजिक असमानता, क्षेत्रीय लैंगिक असंतुलन, बेहतर जीवन की लालसा है। सामाजिक सुरक्षा की चिंता, महानगरों में घरेलू कामों के लिये लड़कियों की तस्करी तथा चाइल्ड पोर्नोग्राफी के लिये बच्चों की तस्करी भी मानव तस्करी के प्रमुख कारण हैं।*

11 जनवरी को राष्ट्रीय मानव तस्करी विरोधी दिवस (नेशनल एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग डे) या राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस मनाया जाता है, जैसा कि मानव तस्करी आज दुनिया भर में एक गंभीर व बड़ी समस्या बनकर उभरी है।यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि तस्करी का मतलब सिर्फ और सिर्फ परिवहन से नहीं है। वास्तव में यह एक बहुत बड़ा भ्रम है कि तस्करी का मतलब व्यक्ति को एक जगह से दूसरी जगह ले जाना है। असल में, तस्करी का मुख्य आधार शोषण है; पीडि़त अपने ही घर या शहर में भी तस्करी का शिकार हो सकता है। उल्लेखनीय है कि मानव तस्करी दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है (नशीली दवाओं के बाद), जिससे हर साल लगभग 150 डॉलर बिलियन का अवैध लाभ कमाया जाता है। हाल फिलहाल, यदि हम यहां पर इस दिवस के इतिहास और उत्पत्ति या शुरूआत की बात करें तो इस दिवस की आधिकारिक शुरुआत वर्ष 2007 में अमेरिका में हुई थी,जब अमेरिकी सीनेट ने 11 जनवरी को राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस के रूप में नामित करने का एक प्रस्ताव पारित किया था। संयुक्त राज्य अमेरिका में इसे 'राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। दरअसल, वर्ष 2010 में, राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पूरे जनवरी को 'राष्ट्रीय दासता एवं मानव तस्करी रोकथाम माह' घोषित किया था, जिसके तहत यह दिवस जागरूकता फैलाने का कार्य करता है। हालांकि, इस दिवस को मनाने की शुरुआत अमेरिका से हुई थी, लेकिन आज यह एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है।संयुक्त राष्ट्र द्वारा दी गई परिभाषा के अनुसार, किसी व्यक्ति को डराकर, बलपूर्वक या दोषपूर्ण तरीके से कोई कार्य करवाना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने या बंधक बनाकर रखने जैसे कृत्य तस्करी की श्रेणी में आते हैं। पाठकों को बताता चलूं कि 11 जनवरी को अक्सर 'वियर ब्लू डे' के रूप में भी मनाया जाता है, जिसमें लोग नीले रंग के कपड़े पहनकर पीडि़तों के साथ एकजुटता दिखाते हैं। यहां गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र 30 जुलाई को 'मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस' मनाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो संयुक्त राष्ट्र ने 30 जुलाई को मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस (वर्ल्ड डे अगेंस्ट ट्रैफिकिंग इन पर्सन्स) घोषित किया है, जो वैश्विक स्तर पर इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करता है। मानव तस्करी के पीछे कारणों की यदि हम यहां पर बात करें तो इसके पीछे प्रमुख कारण क्रमशः गरीबी और अशिक्षा, बंधुआ मज़दूरी, देह व्यापार, सामाजिक असमानता, क्षेत्रीय लैंगिक असंतुलन, बेहतर जीवन की लालसा है। सामाजिक सुरक्षा की चिंता, महानगरों में घरेलू कामों के लिये लड़कियों की तस्करी तथा चाइल्ड पोर्नोग्राफी के लिये बच्चों की तस्करी भी मानव तस्करी के प्रमुख कारण हैं। हाल फिलहाल, क्या यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील नहीं है कि आज महिलाएँ और लड़कियाँ मानव तस्करी से सर्वाधिक पीडि़त हैं और इनमें से अधिकांश की तस्करी यौन शोषण के लिये की जाती है।वास्तव में, यह एक ऐसा अपराध है जिसमें लोगों को उनके शोषण के लिये खरीदा और बेचा जाता है।

## सत्य का आईना — बढ़ता राजस्थान

# क्रब के नीचे -चिता के ऊपर



रूपक शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार,
बढ़ता राजस्थान अलवर

मेरा दिन भी आएगा ये कहते-कहते साईकिल से बाईक और बाईक से कार और कार से मंहगी कार उसके बाद एक मकान फिर दो मकान फिर एक दुकान फिर चार दुकान उसके बाद सीधा शमशान। बस इतना सा सफर है इंसान का जिसमें वो पूरे जीवन ऐंठा हुआ घूमता है ना जाने किस बात की अकड़ है। चलों कोई नहीं मैं इस बात पर नहीं बल्कि उस बात पर प्रकाश ड़ालने का प्रयास कर रहा हूं जब हम इस भीड़ के झमेले से दूर होंगे। क्रब में अकेलें दबें होंगे या चिता पर अकेले जल रहे होगें सोचों उस समय क्या होगा हमारा क्योंकि हमें तो मेले की आदत है,उस भीड़ की आदत है जहां हमारे कान वाही-वाही सुनने के लिए बेताब रहते हैं। वहीं भीड़ जो हमें खुबसूरत बताती है,हमें दमदार बताती है वहीं भीड़ हमें फूंक आऐगी दबा आऐगी।

क्रब के नीचे अकेले दबे रहकर हमें आभास तो होगा ही कि अल्लाह क्या चाहता था हमसे और हम क्या कर बैठे बस ऐसे ही चिता पर जलते हुए ये भी अहसास होगा कि इस शरीर को हम इस दुनियां में किस के लिए लाए थे और इसी नश्वर शरीर से क्या ही कर बैठे। हमारा गुरूर तो उसी समय टूटेगा कि मेरे अपने कितने हैं क्योंकि ना चिता पर कोई साथ लेटेगा ना क्रब में कोई साथ दबेगा। इस झूठी मनगठंत, तिल्सिमी और चर्तुमुखी दुनियां का भ्रम ही क्रब में टूटेगा सत्य का आईना ही तब नजर आएगा जब इंसान अपने आपको एकांत में पाएगा। सच पूछो तो मित्रों एकांत का सही अर्थ उस एक का अंत है। जिसे हम मैं मानते हैं।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# लोहड़ी पर दिखना है सबसे सुंदर तो ट्राई करें ये 3 फेस पैक

बेसन, हल्दी और दही का फेस पैक- चेहरे पर ग्लो लाने के लिए आप बेसन और दही का फेस पैक लगा सकते हैं। दरअसल, बेसन त्वचा पर मौजूद गंदगी, डेड स्किन और एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने में मदद करता है। वहीं, दही में लैक्टिक एसिड मौजूद होता है, जो दाग-धब्बों और टैनिंग को कम करने में मदद कर सकता है। इस फैंस पैक को लगाने से आपकी त्वचा की रंगत में भी सुधार होता है। इसके लिए आप एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन लें। इसमें 2 चम्मच दही और चुटकी भर हल्दी डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस फेस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं और सूखने के लिए छोड़ दें। करीब 15-20 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा में निखार आएगा।

-कॉफी और शहद का फेस पैक

-कॉफी और शहद का फेस पैक त्वचा के दाग-धब्बों को कम करने में असरदार होता है। इस फेस पैक से चेहरे पर जमी गंदगी और डेड स्किन सेल्स हटती है और स्किन पर ग्लो आता है। इस फेस को बनाने के लिए आप एक कटोरी में 2 चम्मच कॉफी पाउडर लें। इसमें 2 चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। करीब 15 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार नजर आएगी।

चावल का आटा और कच्चा दूध -चेहरे पर ग्लो लाने के लिए आप चावल के आटे और कच्चे दूध का फेस पैक भी लगा सकते हैं। दरअसल, चावल का आटा त्वचा पर मौजूद गंदगी और डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करता है। वहीं कच्चा दूध त्वचा को हाइड्रेटेड और मॉइस्चराइज्ड रखता है। साथ ही, त्वचा की रंगत को सुधारने में भी मदद करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए आप एक कटोरी में 2 चम्मच चावल का आटा लें। इसमें 2 चम्मच कच्चा दूध डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और कुछ देर के लिए लगा रहने दें। करीब 15 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपका चेहरा चमक जाएगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको बजट बनाकर चलना होगा, लेकिन फिर भी आप तालमेल बनकर चलें। सेहत को लेकर आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। यदि आपने पहले कोई निवेश किया था, तो उससे आपको अच्छा फायदा मिलेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। यदि आपको धन को लेकर कोई समस्या चली आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान करेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अपने पेंडिंग कामों को पूरा करने के लिए रहेगा, नहीं तो आने वाले समय में आपके लिए समस्या खड़ी कर सकते हैं। वाहनों का प्रयोग आप सावधान रहकर करें।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को उनके सहयोगियों का पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। काम के सिलसिले में आपकी काफी यात्राएं होंगी, जिससे आपकी सेहत कमजोर रहेगी। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय खेलकूद में व्यतीत करेंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधाएं भी दूर होंगी। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आज आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। छुटपुट लाभ की योजनाओं पर आप पूरा ध्यान देंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी आय के सोर्सो को बढ़ाने पर पूरा ध्यान देंगे, लेकिन आप किसी से धन उधार लेंगे, तो आपको उसे उतारने में समस्या आ सकती हैं।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है, इसलिए आपकी किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**कुंभ**
आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए वैसे तो बढिय़ा रहेगा, लेकिन कोई तकनीकी समस्या आने से आप परेशान रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अपने अनुभवों का पूरा लाभ मिलेगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बिताएंगे। आप अपने साथी के साथ कुछ रोमांटिक पल व्यतीत करेंगे।

# गोविंद माधव ग्लोबल स्कूल में छात्रों की फीस में 25 प्रतिशत की

## बिना प्रवेश शुल्क के होगा नामांकन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गोविंद माधव ग्लोबल स्कूल में शिक्षा को अधिक सुलभ, सर्व सामान्य एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में डायरेक्टर कामाख्या संभव सिंह की अध्यक्षता में विद्यालय फीस समिति की बैठक में सर्व सम्मति से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस में 25 प्रतिशत की छूट करने की घोषणा की है। यह निर्णय विद्यार्थियों को सरल व श्रेष्ठ शिक्षा से जोडने के उद्देश्य से लिया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने नवीन सत्र 2026-27 में किसी भी विद्यार्थी से कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह कदम विशेष रूप से मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक राहत प्रदान करने के लिए किया गया है। विद्यालय का लक्ष्य है कि निवाई के आसपास के सभी विद्यार्थियों को कम शुल्क में उच्च स्तरीय शिक्षा, मजबूत शैक्षणिक आधार, नैतिक मूल्यों एवं सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करना है। बैठक में प्रिंसिपल विनय ओझा, पीटीआई राजेश गुर्जर, अकाउंटेंट अंकित प्रजापत, अभिभावक प्रतिनिधि देवनारायण गुर्जर एवं समिति के सदस्य भरत कुमार सहित कई शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

## कर्मचारी महासंघ की आक्रोश रैली कल



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राज्य सरकार की कर्मचारियों के प्रति विरोधाभासी नीतियों को लेकर कर्मचारी महासंघ द्वारा 12 जनवरी को जयपुर में आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें टोंक जिले के सैंकड़ों कर्मचारी रामनिवास बाग जयपुर में एकत्रित होकर सिविल लाइन मुख्यमंत्री आवास तक आक्रोश रैली निकालेंगे। पंचायत शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि सरकार की कर्मचारियों के प्रति विरोधाभास नीतियों को लेकर टोंक जिले के पंचायत शिक्षक जिलाध्यक्ष अनिल मिश्रा के नेतृत्व में आक्रोश रैली में शामिल होंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्मल शर्मा, हरितिमा पारिक, कुलदीप खंगार, मदन मीणा, गोविंद तिवारी, मणिशंकर पारीक व दिनेश जांगिड़ सहित सभी पंचायत शिक्षक मौजूद थे।

## आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के निवाई के श्रद्धालुओं ने चढ़ाया श्रीफल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ के समक्ष निवाई आगमन को लेकर शनिवार को श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ श्रीफल चढ़ाया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व सुनील भाणजा ने बताया कि आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ केकड़ी से मंगल विहार करके उनियारा, मालपुरा व डिग्गी होते हुए चाकसू जाएंगे। इस दौरान लालचंद कठमाणा के नेतृत्व में निवाई श्रद्धालुओं का जत्था आचार्य के दर्शनार्थ पहुंचे। जहां विहार में निवाई आगमन के लिए श्रीफल चढाकर आशीर्वाद लिया। विहार में अनुष्ठानाचार्य पण्डित कपिल जैन, लालचंद कठमाणा, मुकेश जैन, गणेश जैन, विमल पाटनी, सुनील भाणजा, विमल कठमाणा व सुरेश जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# देवली पुलिस ने 3 करोड़ का 500 किलो गांजा पकड़ा, दो बड़े तस्कर गिरफ्तार

## एनएच-52 पर नाकाबंदी के दौरान 12 चक्का ट्रक से गांजे की बड़ी खेप बरामद, उड़ीसा से देवली-हनुमान नगर सप्लाई की थी योजना

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविन्द सिंह सेठी)** स्थानीय पुलिस ने 3 करोड़ का गांजा जप्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर किया है। यहां देवली पुलिस ने गांजा तस्करों की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले की जानकारी देते हुए देवली पुलिस थाना प्रभारी दौलत राम गुर्जर ने बताया कि टोंक डीएसटी टीम ने देवली शहर के हाईवे 52 पर नाकाबंदी एक ट्रक की तलाशी लेते समय गांजे की बड़ी खेप बरामद की है

इस मामले में पुलिस ने बताया कि जप्त किए गए गांजे की अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 3 करोड़ रु है। ऐसे मे टोंक डीएसटी टीम ने शुक्रवार की देर रात को अपनी मुस्तैदी से देवली शहर में होने वाली



गांजे की तस्करी को नाकाम कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देवली शहर के जयपुर रोड स्थित नेशनल हाईवे 52 पर पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए मौत के उन सौदागरों को दबोच लिया है, जो उड़ीसा से 500 किलो गांजे की खेप लेकर देवली हाईवे पर तस्करी करने पहुंचे थे । यह गांजा देवली शहर और हनुमान नगर मे सप्लाई किया जाना था, लेकिन उससे पहले ही देवली पुलिस की सक्रियता ने इस पूरे नेटवर्क की कमर तोड़ कर उक्त गांजे की तस्करी नाकाम कर दिया है। तो वही यह गांजा तस्कर सप्लायरों के जरिए छात्रों और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं तक पहुँचाने की योजना थी। ऐसे मे टोंक डीएसटी टीम की इस सफल कार्रवाई ने

ना केवल करोड़ों रुपये का मादक पदार्थ पकड़ा है, बल्कि उन अनगिनत पिताओं और माताओं की उम्मीदों को भी टूटने से बचा लिया। जिनके बच्चे नशे की लत में डूबे रहकर मौत को गले लगा रहे हैं ।

इस मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तस्करों के पूरे रैकेट की जड़ों तक पहुँचने के लिए गहनता से छानबीन शुरू कर रही है। जिससे जल्द ही इस मामले में कई और बड़े खुलासे होने की संभावना बन गई है। पुलिस कि इस कामयाबी पर यहां देखने वाली बात तो यह मिली कि इस मामले में पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में तस्करों को दबोचते हुए गांजे से भरा 12 चक्का ट्रक जप्त कर लिया है। इस कार्रवाई परदेवली पुलिस थाना प्रभारी दौलत राम गुर्जर ने यह भी बताया कि टोंक पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के कुशल निर्देशन में जिले की स्पेशल टीम ने नेशनल हाईवे 52 पर कड़ी निगरानी करते हुए उड़ीसा से तस्करी कर लाए जा रहे 500 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजे की खेप को पकड़ा है। इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव, पुष्पेंद्र सोलंकी और डीएसपी हेमराज के सुपरविजन में उपनिरीक्षक ओमप्रकाश की टीम ने देवली हाईवे पर घेराबंदी की थी। इसी के चलते पुलिस को देखते ही तस्करों ने ट्रक को टोंक की ओर भगाकर ले जाने की कोशिश की लेकिन टीम ने पीछा कर के देवली डीएसपी ऑफिस के सामने ट्रक को पकड़ लिया और, तस्कर हरिनारायण मीणा निवासी दांता ढाणी, देवली और समीर मीणा निवासी बासनी थाना हिंडोली को दबोच लिया है। यहां पुलिस ने पाया कि 500 किलो गांजा उड़ीसा के चांदीपुर से तस्करी कर के देवली और हनुमान नगर के लिए लाया गया था।

## रणथंभौर में गेट पर आई बाघिन-सुल्ताना, गाडिय़ों की भीड़ लगी

# 5 मिनट तक चहल-कदमी की; कैमरे-मोबाइल से कैप्चर करने की होड़ मची

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व की सुल्ताना टी-107 (बाघिन) एक बार फिर शुक्रवार दोपहर गणेश धाम पर आ गई। गणेश धाम गेट के पास बने फॉरेस्ट चेक पोस्ट पर चहल-कदमी की।

वन विभाग ने एहतियातन आवाजाही का रास्ता बंद कर दिया, जिससे सफारी पर जाने वाले जिप्सी कैंटरों की लंबी कतार लग गई। पर्यटकों में सुल्ताना को कैमरे और मोबाइल में कैद करने के लिए होड मच गई।

इससे पहले 5 दिसंबर को वह अपने शावकों(बच्चों) को मुंह में दबाकर जंगल की ओर ले जाती नजर आई थी।

बाघिन सुल्ताना को देखने के लिए पर्यटक कैमरे और मोबाइल निकालकर जिप्सी और कैंटर में खड़े हो गए, जिससे बाघिन के मूवमेंट को कैप्चर किया जा सके।



फॉरेस्ट चेक पोस्ट पर चहल-कदमी की वन विभाग के अनुसार-दोपहर करीब 2 बजे बाघिन सुल्ताना गणेश धाम गेट के पास बनी फॉरेस्ट चेक पोस्ट पर दिखाई दी। गेट से बाहर निकलकर बाघिन सुल्ताना ने करीब 5 से 7 मिनट तक चहल-कदमी की। इसके बाद बाघिन सुल्ताना अटल सागर की तरफ निकल गई। वन विभाग ने सतर्कता बरतते हुए गणेश धाम गेट को बंद कर दिया।

इसके बाद गणेश धाम मार्ग पर सफारी पर जाने वाले जिप्सी कैंटरों की लंबी कतार लग लग गई। पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए जाम की स्थिति बन गई। इस दौरान पर्यटक गाडियों में बैठकर सुल्ताना की झलक देखने को बेताब दिखाई दिए। जंगल की ओर जाने के बाद मिली वाहनों को एंट्री हालांकि बाघिन के सडक़ से जंगल की ओर जाने के बाद विभाग ने गणेश धाम गेट को फिर खोल दिया, जिससे कुछ देर बाद हालात सामान्य हो गए।

बता दें कि हाल ही में बाघिन सुल्ताना ने शावकों को जन्म दिया था। इसके बाद बाघिन का मूवमेंट त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर ही बना हुआ है। इस दौरान दो बार बाघिन अपने शावकों को भी शिफ्ट करती हुई दिखाई दे चुकी है।

19 दिसंबर को भी सुल्ताना अपने शावक को मुंह में दबाए जाती हुई देखी गई थी।

रणथंभौर में 72 हुई बाघों की संख्या डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि बाघिन सुल्ताना के शावकों के जन्म के बाद रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघ, बाघिन और शावकों की कुल संख्या करीब 72 हो गई है। यह आंकड़ा रणथंभौर में बाघ संरक्षण की सफलता को दर्शाता है।

### 4.10 लाख स्वीकृत पदों में से 2.92 लाख ही भरे

# शिक्षा विभाग में खाली पदों का 'पहाड़', 1.19 लाख पद रिक्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के बड़े-बड़े दावों के बीच एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। शिक्षा विभाग की ओर से 1 जनवरी 2026 को जारी ताजा आंकड़ों (शाला दर्पण पोर्टल) के अनुसार, विभाग में स्वीकृत पदों के मुकाबले भारी कमी बनी है। पूरे प्रदेश में विभिन्न संवर्गों के कुल 1 लाख 19 हजार 148 पद खाली पड़े हैं। यह स्थिति न केवल शिक्षण व्यवस्था को प्रभावित कर रही, बल्कि प्रशासनिक कार्यों पर भी भारी पड़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, विभाग में कुल 4 लाख 10485 पद स्वीकृत हैं। इनमें से वर्तमान में केवल 2 लाख 92263 कर्मचारी कार्यरत हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति वरिष्ठ अध्यापकों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की है, जहां रिक्तियों का आंकड़ा हजारों में है।

बड़ी बातें- जो सिस्टम की पोल खोलती हैं

शिक्षा विभाग में जहां एक तरफ हजारों पद खाली हैं, वहीं अध्यापक लेवल-1 में स्वीकृत पदों 53 हजार 718 के मुकाबले 54 हजार 642 शिक्षक कार्यरत हैं, यानी 924 शिक्षक अधिशेष हैं। प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों में रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले 'वरिष्ठ अध्यापकों' के 42 हजार से ज्यादा पद खाली होना शिक्षा की गुणवत्ता पर बड़ा सवालिया निशान है। कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने की बातों के बीच 'बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक' के 3,683 और 'वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक' के 944 पद खाली हैं। स्कूलों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लगभग 81 प्रतिशत पद रिक्त हैं (29 हजार 631 में से 24 हजार 136 खाली), जिससे स्कूलों की सफाई और अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं।

इन आंकड़ों के सार्वजनिक होने के बाद प्रदेश के लाखों बेरोजगार अभ्यर्थियों की उम्मीदें एक बार फिर जाग गई हैं। रिक्त पदों की इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए अब सरकार पर नई बड़ी भर्तियों की विज्ञप्ति जारी करने का भारी दबाव है।

## विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय को पहचान देने की पहल

# जिलें के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्त पंचायत समिति नगरपालिका एवं नगर परिषद

## 12 से 31 जनवरी तक लगाए जाएंगे घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र सहायता शिविर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निर्देश पर घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के व्यक्तियों को केन्द्र/राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जिलें में 12 से 31 जनवरी तक ऑनलाइन घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पहचान प्रमाण पत्र सहायता शिविर लगाएं जाएंगे।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा की घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के सभी व्यक्तियों को ऑनलाइन घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र जारी कर राज्य की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसके लिए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्त पंचायत समिति, नगरपालिका एवं नगर परिषद में 12 से 31 जनवरी तक विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला कलेक्टर ने सभी एसडीओ, बीडीओ एवं अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि बनाने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था कर आवश्यक आवेदन करवाए जाएंगे। उन्होंने इसके लिए प्रत्येक पंचायत समिति में एवं शहरी क्षेत्रों के स्थानीय परिस्थिति अनुसार 5-8 वार्ड का क्लस्टर बनाकर प्रत्येक क्लस्टर पर कैम्प आयोजित करवाने के निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर ने कैम्प में समन्वय के लिए एसडीओ को प्रभारी अधिकारी एवं बीडीओ को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही दो-तीन ई-मित्र धारकों की नियुक्ति कराने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविरों में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों से ऑन लाईन आवेदन पत्र ई-मित्रों द्वारा निशुल्क भरे जाने और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए।

# विधायक रामसहाय वर्मा ने उपजिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

## प्रभारी सहित कई डॉक्टर्स मिले नदारद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** विधायक रामसहाय वर्मा ने शनिवार को राजकीय उपजिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन की कई लापरवाहियां मिली। अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेश जैन सहित कई अन्य चिकित्सक मौजूद नहीं मिले। निरीक्षण के दौरान लोंगो ने बताया की चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेश जैन बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के मुख्यालय से गायब रहते है। उनके साथ ही दांत रोग विशेषज्ञ सहित कई डॉक्टरर्स भी अपनी सीटों पर नहीं मिले। निरीक्षण के दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने हड्डी रोग विभाग, मेडिसिन, दंत चिकित्सा व इमरजेंसी वार्ड का अवलोकन किया। उन्होंने वहां भर्ती



रोगियों से चर्चा कर अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल की अव्यवस्थाओं एवं स्टाफ की गैर-जिम्मेदारी को देखकर विधायक ने नाराजगी जताते हुए मौके पर मौजूद स्टाफ को कार्यशैली में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। विधायक रामसहाय वर्मा ने चिकित्सा प्रभारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोडने की हिदायत दी। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी को हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित अन्य डॉक्टरो को क्वाटर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। सभी को आवश्यक सुख-सुविधाएं व समय पर उपचार मिलना सुनिश्चित करें। मरीजों की सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी समझें और तय समय पर ड्यूटी पर मौजूद रहें ताकि आमजन को परेशानी न हो। निरीक्षण की सूचना से अस्पताल कर्मियों में हडक़ंप मच गया।

## श्री दामोदर गौशाला में गौ कास्ट का निर्माण कार्य शुरू

# गौ कास्ट का हवन सामग्री में होगा उपयोग

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्री दामोदर गौशाला में गौ कास्ट निर्माण कार्य का गौशाला अध्यक्ष प्रेमचंद बोहरा व अन्य पदाधिकारियों ने विधिवत शुभारंभ किया। अध्यक्ष बोहरा ने बताया कि भामाशाह कैलाश पारीक ने अपनी पौत्री के जन्म दिवस एवं पत्नी शकुंतला पारीक की पुण्य स्मृति में पर्यावरण रक्षण हेतु गाय के गोबर से तैयार होने वाली लकड़ी के निर्माण हेतु पटियाला पंजाब से गौ कास्ट की मशीन मंगवाकर गौशाला को समर्पित की है। शनिवार को गौ सेवकों व गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने गौ कास्ट मशीन से कास्ट बनाने के कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि गौ कास्ट का उपयोग हवन सामग्री में किया जाएगा। इससे गौशाला की आय में भी वृद्धि होगी। गौ कास्ट के निर्माण कार्य



के शुभारंभ पर गौशाला समिति के कैलाशचंद अग्रवाल, ओमप्रकाश विजयवर्गीय, कैलाशचन्द पारीक, विष्णु पारीक सांगानेर व कमलेश कुमार पारीक सहित कई गौ-सेवक मौजूद थे।

### आर्थिक संबल के रूप में 10 लाख रूपए की सहायता राशि की प्रदान

# कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने हरमाड़ा क्षेत्र में हुए डंपर हादसे में राजधिराजपुरा के मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस,दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** माह नवम्बर में हरमाड़ा क्षेत्र में हुए दर्दनाक डंपर हादसे में निवाई के गांव राजधिराजपुरा निवासी सुरेश मीणा एवं मुरलीधर उर्फ महेश मीणा की असामयिक मौत होने के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड गई थी। शनिवार को कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा राजधीराजपुरा गांव पहुंचे और दोनों दिवंगतों के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने परिजनों के साथ बैठकर दुःख साझा किया और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह हादसा केवल दो परिवारों का नहीं है,



बल्कि पूरे समाज की क्षति है। दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने आर्थिक संबल के रूप में 10 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की, ताकि परिजन इस कठिन समय में आर्थिक चुनौतियों का सामना कर सकें।

फेसबुक पोस्ट बना भावुक स्मृति हादसे से पूर्व मृतक महेश मीणा ने फेसबुक पर एक पोस्ट की थी जो आज भी लोगों को भावुक कर रही है। महेश मीणा ने अपनी पोस्ट में लिखा था कि

करोड़ी लाल मीणा जी को हमारी उम्र लग जाए।

इस पोस्ट के कुछ ही घंटों बाद हरमाड़ा में हुए सडक़ हादसे में उनकी मौत हो गई। इस संयोग ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया।

किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सडक़ हादसों पर चिंता जताते हुए भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही पर सख्त कार्रवाई की जरूरत बताई।

# कांग्रेस का 45दिवसीय महाअभियान, मनरेगा बचाओ पर महा संग्रामः चाचान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस कमेटी जिला कोटपूतली के जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर की अध्यक्षता में 45दिवसीय महा अभियान, मनरेगा बचाओ महा संग्राम पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व नोहर विधायक अमित चाचान ने बताया कि यह कार्यक्रम एआईसीसी के आदेशानुसार प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर मनरेगा बचाओ महाभियान की 45दिवसीय प्रारूप को लेकर आयोजित की गई है।

उन्होंने कहा कि महापुरुषों का नाम मिटाकर आस्था के नाम पर जो कार्यक्रम शुरू करने के लिए केन्द्र सरकार जो बिल लेकर आई है वह गरीब व मजदूर विरोधी है। चाचान ने कहा कि जो कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विश्व की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना शुरू की थी उसको अब की केन्द्र सरकार नेस्तनाबूत करना चाहती है जिसे कांग्रेस पार्टी नेस्तनाबूत नहीं होने देगी। उसके लिए 45दिवसीय योजना तैयार की गई है उसको गाँव-गाँव,ढाणी-ढाणी तक पहुँचाना और आमजन को जागरूक करना कांग्रेस का उद्देश्य है। वहीं एक सवाल के जवाब में कोटपूतली बहरोड़ के कांग्रेस जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर ने कहा कि बेसक भाजपा के लोग सुशासन के नाम पर रथयात्रा निकाल रहे हैं पर कौनसे सुशासन को लेकर रथयात्रा निकाली जा रही है। इनके सुशासन के नाम पर आमजन को क्या मिला है!

इस मौके पर पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत, मुण्डावर विधायक ललित यादव,पूर्व विधायक बलजीत यादव, पूर्व विधायक महिपाल यादव, रामचंद्र रावत, बहरोड़ से कांग्रेस प्रत्याशी रहे संजय यादव,डॉ आर.सी.यादव, कोटपूतली ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाशचन्द सैनी,रामनिवास यादव, पीसीसी महासचिव जगदीश मीणा आदि कॉंग्रेस नेताओं ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। जिलाध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर ने मिडिया के लोगों को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ बताते हुए कहा कि आप और हम सब को मिलकर आजाद भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को तानाशाही, पूँजीवादी और फासिस्ट ताकतों से बचाना है । संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि प्रेस वार्ता में हनुमान सैनी, डॉ मालीराम कसाना, जिला सेवादल के अध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमेटी(एसटी) माश जगदीश मीणा, राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन के जिलाघ्यक्ष डॉ महेश यादव, पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष बाबूलाल सैनी, एडवोकेट पवन सैनी, युवा नेता प्रदीप गुर्जर, विधानसभा युवा अध्यक्ष राकेश रावत, सावत सरपंच, अभिषेक रावत, मंडल अध्यक्ष रावत सहित अनेक कॉंग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।वहीं उन्होंने बताया कि मनरेगा बचाओ महा संग्राम की शुरुआत 11 जनवरी 2026 रविवार को समय11-15 से 2-15 बजे तक कोटपूतली स्थित नगर निगम पार्कमें अंबेडकर स्टैच्यू के के पास होगी।नवल ने बताया कि धरना-प्रदर्शन व उपवास कार्यक्रम में शान्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित होगा।




## सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** कस्बे के केदारनाथ धामानी आदर्श विद्या मंदिर राजगढ़ के द्वारा शनिवार को ग्राम नांगल धर्मू में सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय जयपुर की सहआचार्य एवं सप्तशक्ति कार्यक्रम की क्षेत्र संयोजिका डॉ. रजनी मीणा ने कार्यक्रम में आई हुई सैकड़ो माता बहिनों को पंच प्रण, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य एवं राष्ट्र प्रेम का महत्व समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं जिला सह संयोजिका डॉ. रक्षा शर्मा ने नारी की सात शक्तियों पर प्रकाश डालते हुए, उन्हें जागृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का संचालन विशिष्ट अतिथि सीमा विजय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन कैलाशी देवी मीणा एवं शीतल शर्मा द्वारा किया गया। सम्मेलन में श्रीमद् भगवत गीता एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सही उत्तर देने पर मन्नी देवी मीणा, ममता देवी मीणा, रेशम देवी मीणा , प्रेम देवी मीना, बीना देवी जोगी, संतरा देवी बलाई, गीता देवी मीणा, किरण देवी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बुजुर्ग महिला धन्नी देवी को भी सम्मानित किया गया। आशा सहयोगिनी बीना देवी योगी और कमली देवी ने भी अपने अनुभव साझा किये। विद्यालय की छात्रा जिया सैनी और अर्चना मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अध्यापिका किरण देवी द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर सभी को प्रसाद वितरित किया। सम्मेलन के अंत में सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्य हेतु संकल्प दिलाया गया। सम्मेलन में गांव की सैकड़ो माता बहनों ने भाग लिया।

## निःशुल्क नेत्र जॉच एवं लैस प्रत्यारोपण शिविर मे 135 मरीजों को मिला परामर्श



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अग्रवाल महासभा, अलवर के तत्वाधान में बर्फी देवी पुरूषोत्तमदास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय, में नेत्र जॉच एवं लैस प्रत्यारोपण निःशुल्क जॉच शिविर आयोजित हुआ। अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक 135 रोगियों को विषेषज्ञ द्वारा नि.शुल्क चैकअप किया गया एवं उपलब्धतानुसार निःशुल्क दवाईयॉ भी दी गई। जिसमें डॉ0 सुनील खण्डेलवाल एवं उनकी टीम द्वारा जॉच व परामर्श दिया। इस अवसर पर सभी रोगियों की काला पानी (ग्लूकोमा), पुतली के रोग, काले मोतिया की जॉच, मोतियाबिन्द, लालीपन व जलन की जॉचे कि गई। ऑपरेषन योग्य रोगियों का लेंस प्रत्यारोपण राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय अलवर में दिनांक 12 जनवरी 2026 को निःशुल्क त्ड्टै के तत्वावधान में किये जायेगे।

## मानवीय पहलः मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के माध्यम से वस्त्रदान अभियान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** शीत ऋतु में बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद, गरीब एवं असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका देवगढ़ द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के माध्यम से एक ऊनी वस्त्रदान अभियान आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य का नेतृत्व देवगढ़ स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एम्बेसेडर देवगढ़ भावना पालीवाल द्वारा किया गया। अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त 500 से अधिक ऊनी वस्त्रों का संग्रह कर उन्हें जरूरतमंदों के बीच वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ठंड के मौसम में ऐसे लोगों को सहायता प्रदान करना था, जो आर्थिक अभाव के कारण गर्म कपड़े खरीदने में असमर्थ हैं। वस्त्र वितरण से पूर्व सभी ऊनी कपड़ों की छंटाई की गई तथा स्वच्छ एवं उपयोग योग्य वस्त्र ही वितरण के लिए चुने गए। वितरण के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं छोटे बच्चों को प्राथमिकता दी गई। ऊनी वस्त्र पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतोष और खुशी स्पष्ट दिखाई दी। स्वच्छ भारत ब्रांड एम्बेसेडर भावना पालीवाल ने इस अवसर पर कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र समाज सेवा का एक प्रभावी मंच है ।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा राजगढ़ की बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी का किया गठन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** राजगढ़ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा राजगढ़ की बैठक शनिवार को अस्पताल के सामने स्थित कार्यालय में कामरेड सुभाष शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शाखा के संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराए गए। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत सचिव पद पर कामरेड मनोज कुमार बोहरा (एडवोकेट), सहसचिव पद पर कामरेड श्यामसुंदर ट्रेलर, कोषाध्यक्ष पद पर कामरेड गीतेश्वर गॉड, मीडिया प्रभारी पद पर कामरेड नागपाल शर्मा को नियुक्त किया गया। साथ ही संगठन को सशक्त बनाने के लिए कामरेड अशोक कुमार शर्मा एवं कामरेड रामजीलाल सैनी को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में कामरेड मोहनलाल शर्मा, कामरेड तेजपाल सैनी, कामरेड शिवलाल सैनी, कामरेड अशोक कुमार शर्मा, कामरेड अवतार विजय, कामरेड रामजीलाल सैनी, कामरेड मनोज बोहरा एडवोकेट एवं मीडिया प्रभारी नागपाल शर्मा माचाड़ी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। जिला सचिव कामरेड तेजपाल सैनी ने पार्टी संबंधी सहित अनेक मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये।




## मनरेगा बचाओ संग्राम का आगाज, जिलास्तरीय पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार पर साधा निशाना

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** प्रदेशभर में चल रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एआईसीसी व पीसीसी के निर्देश पर गुरुवार को राजसमंद में जिलास्तरीय पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला प्रभारी विजेंद्र सिंह सिद्धू ने मनरेगा योजना में किए जा रहे बदलावों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला।पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सिद्धू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मनरेगा का नाम बदलकर केवल राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार धार्मिक भावनाओं को माध्यम बनाकर अपनी मंशा पूरी करने का प्रयास कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि विभिन्न तरीकों से मनरेगा को कमजोर कर रोजगार की गारंटी खत्म करने की साजिश की जा रही है।उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना आज भी गरीब मजदूरों और किसानों के लिए जीवनरेखा है, जिससे उनके परिवारों को दो वक्त की रोटी नसीब हो रही है। कांग्रेस योजना के नाम बदलने या उसे बेहतर बनाने के खिलाफ नहीं है, लेकिन गरीबों के अधिकारों पर हो रहे कुठाराघात को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि सिंह राठौड़ ने कहा कि पार्टी हमेशा से गरीब, किसान और मजदूरों के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके हक की लड़ाई लड़ती रहेगी। उन्होंने बताया कि आगामी एक सप्ताह तक जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को मनरेगा योजना के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा।



## नगर निगम अलवर नवाचार राजस्थान में पहली बार स्वच्छता चौपाल का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नगर निगम अलवर द्वारा राजस्थान में पहली बार एक नई पहल और नवाचार की शुरुआत करते हुए स्वच्छता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम के तहत शहर के 9 सेक्टरों में स्वच्छता चौपाल का सफल आयोजन किया गयाए जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन की स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनका त्वरित समाधान करना रहा। स्वच्छता चौपाल के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं रखने का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर ही कार्यवाही कर समाधान सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से निम्न समस्याओं पर प्रभावी कार्य किया गया। कचरा संग्रहण व्यवस्था,सफाई व्यवस्था में सुधार,नालियों की सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, सीवर से संबंधित समस्याएं शामिल हैं। स्वच्छता चौपाल के दौरान कुल 90 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईंए जिनका त्वरित निराकरण कर आमजन को राहत प्रदान की गई। इस पहल से नागरिकों में नगर निगम के प्रति विश्वास और संतोष की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। नगर निगम अलवर द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि स्वच्छता चौपाल कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगाए ताकि आमजन की समस्याओं का समाधान सीधे संवाद के माध्यम से शीघ्र किया जा सके। यह कार्यक्रम स्वच्छए स्वस्थ एवं सुव्यवस्थित अलवर शहर के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है। नगर निगम का उद्देश्य आमजन की सक्रिय सहभागिता से शहर को स्वच्छए सुंदर एवं सोहादरपूर्ण वातावरण युक्त बनाना तथा नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करना है।




## केन्द्रीय सहकारिता सचिव भूटानी ने किये प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव वरिष्ठ आईएएस डॉ आशीष कुमार भूटानी ने शनिवार को नाथद्वारा में प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन किये। उप रजिस्ट्रार विनोद कुमार कोठारी ने बताया कि इस अवसर पर जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने न्यू कॉटेज में सचिव भूटानी का स्वागत किया। साथ ही सहकारिता से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मंदिर मण्डल द्वारा परंपरा अनुसार भूटानी का अभिनंदन किया गया।

## जिले में 15 से 30 जनवरी तक आयोजित होंगे विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिले में घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के व्यक्तियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित कराने के उद्देश्य से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 28 जनवरी तक एवं नगरीय निकायों में 15 से 30 जनवरी तक विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित होंगे। सभी शिविर प्रातः 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 जनवरी को पंचायत समिति सभागार उमरैण में, 16 जनवरी को पंचायत समिति सभागार मालाखेडा, 19 जनवरी को पंचायत समिति सभागार राजगढ, 20 जनवरी को पंचायत समिति सभागार रैणी, 21 जनवरी को पंचायत समिति सभागार कठूमर, 22 जनवरी को पंचायत समिति सभागार रामगढ, 23 जनवरी को पंचायत समिति सभागार थानागाजी, 27 जनवरी को पंचायत समिति सभागार लक्ष्मणगढ एवं 28 जनवरी को पंचायत समिति सभागार गोविन्दगढ में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार जिले के शहरी क्षेत्रों में 15 जनवरी को नगर निगम अलवर में, पालिका बहादुरपुर एवं 30 जनवरी को नगर पालिका नौगावां व नगर पालिका गोविन्दगढ में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित होंगे।

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलगुरु प्रोफेसर गोविंद सहाय शुक्ला का अलवर दौरा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शनिवार को युवराज प्रताप सिंह मैमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज शिवाजी पार्क अलवर का माननीय कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. गोविंद सहाय शुक्ला ने निरीक्षण कर कॉलेज व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कुलगुरु महोदय ने कॉलेज के समस्त विभागों एवं चिकित्सालय का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शैक्षणिक व्यवस्थाए चिकित्सालय सेवाओं, प्रयोगशाला, ओपीडी, आईपीडी, रिकॉर्ड संधारण, शिक्षण प्रशिक्षण गुणवत्ता एवं संस्थान में संचालित विविध गतिविधियों की विस्तार से जानकारी हासिल कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनानेए शिक्षण प्रशिक्षण में गुणवत्तापूर्ण सुधार करने, चिकित्सालय सेवाओं में विस्तार करने एवं स्वच्छता के संबंध में सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश कॉलेज प्रशाशन को दिए। कुलपति महोदय ने छात्र छात्राओं से चर्चा कर उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर सेवाएं प्रदान कर जन जन का लाभान्वित करने का संदेश दिया।

कुलगुरु महोदय ने समस्त स्टॉफ सदस्यों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं के बेहतर एवं गुणवत्ता पूर्ण संचालन हेतु आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश दिएए उन्होंने कॉलेज के कार्यों, अनुशासित वातावरण तथा स्टॉफ सदस्यों की कर्तव्य निष्ठा की सराहना करते हुए ओर बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान कॉलेज चेयरमैन डॉ. वी.के.अग्रवाल, डॉ.मंजू अग्रवाल, कॉलेज प्राचार्य डॉ. एम के शर्मा, वरिष्ठ होम्यो चिकित्सक डॉ. एस एस कुंतल, प्रोफेसर डॉ. अशोक पाठक, प्रोफेसर डॉ. अजीत सिंह, प्रोफेसर डॉ. पी एस चौधरी, प्रोफेसर डॉ. प्रदीप शर्मा, प्रोफेसर डॉ. रूपेश सोनी एवं सभी विभागों के प्रोफेसर चिकित्सक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें। विश्व आयुर्वेद परिषद चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी डॉण्पवन सिंह शेखावत के नेतृत्व में माननीय कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. गोविंद सहाय शुक्ला का किया स्वागत एवं सम्मान।




विश्व आयुर्वेद परिषद जिला इकाई अलवर की ओर से विश्व आयुर्वेद परिषद चिकित्सक प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश प्रभारी डॉ. पवन सिंह शेखावत के नेतृत्व में अलवर दौरे पर पधारे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के माननीय कुलगुरु प्रोफेसर डॉ.गोविंद सहाय शुक्ला का साफाए शॉल एवं बुके भेंटकर विभाग संयोजक डॉ अनिल कुमार जैन, जिला संयोजक अलवर डॉ.अमित कुमार चावला सहित विश्व आयुर्वेद परिषद जिला इकाई सदस्यों ने हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## कृषि उपज मंडी के पीछे निर्मित फूड स्ट्रीट में फूड स्टॉल किराये पर लॉटरी आवंटन हेतु इच्छुक व्यक्ति 27 जनवरी तक आवेदन करा सकते हैं जमा

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि नगर विकास न्यास अलवर द्वारा कृषि उपज मंडी के पीछे निर्मित फूड स्ट्रीट में 42 फूड स्टॉल का पूर्णतः अस्थाई आधार पर 2 वर्ष के लिए निर्धारित किराये पर लॉटरी द्वारा आवंटन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति/दुकानदार/फर्म जिनके पास भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) अधिनियम 2006 की धारा 31(1) और 31(2) के अनुसार 1 जनवरी 2025 से पूर्व का लाइसेंस/पंजीकरण हैं वे 14 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे तक नगर निगम कार्यालय की अन्यकर शाखा कमरा नंबर 25 से फार्म शुल्क 300 रूपये नकद जमा कराकर आवेदन प्राप्त कर 27 जनवरी 2026 को सांय 5 बजे तक जमा करा सकते हैं। आवंटन प्रक्रिया से संबंधित अन्य शरायते नगर निगम कार्यालय नोटिस बोर्ड एवं आवेदन पत्र के साथ संलग्न है।

## शताब्दी वर्ष पर सकतपुरा बस्ती में 1 फरवरी को होगा विराट हिंदू सम्मेलन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सकतपुरा बस्ती क्षेत्र (सकतपुरा, बजरंगपुरा एवं हनुमान बस्ती) में 1 फरवरी 2026 को विराट हिंदू सम्मेलन एवं भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर लक्ष्मी मैरिज गार्डन में आयोजित बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया। बैठक में संघ अंबेडकर नगर के नगर कार्यवाह अनिल शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में मंदिर समितियों, प्रबुद्धजनों, युवाओं एवं मातृशक्ति की सहभागिता रही। निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए प्रत्येक मोहल्ले में टोलियां गठित की जाएंगी। कलश शोभायात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर, देवनारायण सामुदायिक भवन के सामने से होकर कोटा बैराज ग्राउंड पहुंचेगा, जहां विशाल हिंदू धर्मसभा आयोजित होगी। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश जी को प्रथम निमंत्रण देकर एवं आयोजन कार्यालय के उद्घाटन के साथ की गई। बैठक में सर्वसम्मति से खेमराज योगी को अध्यक्ष एवं दुर्गाशंकर सैनी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तन-मन-धन से सहयोग का संकल्प लिया।

## 53वीं मि. राजस्थान बॉडी बिल्डिंग चेम्पियनशिप-2026 कोटा में
### 300 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा जिला बॉडी बिल्डिंग संघ द्वारा नववर्ष के अवसर पर 53वीं इनामी मि. राजस्थान बॉडी बिल्डिंग चेम्पियनशिप-2026 का आयोजन 11 जनवरी 2026, रविवार को एक रिसोर्ट, कोटा में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 300 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे।

संघ अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से मि. राजस्थान-2026 का चयन किया जाएगा। पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता कुल 14 भार वर्गों में आयोजित होगी, जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। आयोजन सचिव जसपाल सिंह आहलुवालिया एवं सचिव अशोक ओदिच्य ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण मि. वर्ल्ड-2025 अरशान खान का विशेष बॉडी शो रहेगा।

### 12 जनवरी को कोटा में युवा संबल मेला
## एक मंच पर मिलेंगे रोजगार, प्रशिक्षण और उद्यमिता के अवसर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोडने के उद्देश्य से 12 जनवरी 2026 (सोमवार) को दशहरा मैदान, कोटा में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक युवा संबल मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार, अप्रेंटिसशिप, इंटर्नशिप, कौशल प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार से जुड़े अवसर उपलब्ध होंगे। रोजगार कार्यालय के उप निदेशक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि यह मेला रोजगार दिवस, रोजगार मेला एवं प्रशिक्षण मेलों का समन्वित स्वरूप है, जिसमें राज्य एवं राज्य से बाहर के लगभग 40 निजी नियोजक भाग लेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में रिक्त पदों के लिए भर्ती की जाएगी। मेले में मुख्यमंत्री युवा संबल योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आरसेटी, आरएसएलडीसी सक्षम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, विश्वकर्मा एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर उद्यम प्रोत्साहन योजनाओं सहित 13 योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराए जाएंगे।

## फसल वर्ष 2025-26 : राजस्थान के 7 जिलों में अफीम खेती हेतु 49,140 लाइसेंस जारी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** 10 जनवरी उप-नारकोटिक्स आयुक्त, केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, कोटा स्थित कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई है कि फसल वर्ष 2025-26 के लिए राजस्थान के सात जिलों — बारां, कोटा, झालावाड़, भीलवाड़ा, चित्तौडग़ढ़, प्रतापगढ़ एवं उदयपुर — में अफीम की खेती हेतु कुल 49,140 लाइसेंस जारी किए गए हैं। इनमें से 34,776 लाइसेंस अफीम गोंद उत्पादन के लिए तथा 14,364 लाइसेंस बिना चीरे की अफीम पोस्त डोडा उत्पादन के लिए स्वीकृत किए गए हैं। अफीम गोंद उत्पादन के प्रत्येक लाइसेंस के लिए 10 एआर्स (0.10 हेक्टेयर / 1000 वर्गमीटर) तथा बिना चीरे की अफीम पोस्त डोडा उत्पादन के प्रत्येक लाइसेंस के लिए 5 एआर्स (0.05 हेक्टेयर / 500 वर्गमीटर) क्षेत्र निर्धारित किया गया है।

### विकास, संरक्षा नवाचारों और तकनीकी उन्नयन पर अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार
# कोटा मंडल के इंजीनियर को राष्ट्रीय सम्मान, प.म.रेल को दो प्रतिष्ठित शील्ड



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** भारतीय रेल के प्रतिष्ठित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेलवे ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पश्चिम मध्य रेलवे को ओवरऑल दक्षता (पंडित गोविंद बल्लभ पंत) शील्ड तथा बिक्री प्रबंधन शील्ड से सम्मानित किया गया। वहीं कोटा मंडल के दरा सेक्शन में कार्यरत वरिष्ठ खंड अभियंता श्री पीयूष शर्मा को उनके उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया।

यह सम्मान 9 जनवरी 2026 को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (यशोभूमि) में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय एवं अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री भी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यह उपलब्धि पिछले वर्षों में किए गए आधारभूत विकास, संरक्षा नवाचारों और तकनीकी उन्नयन का परिणाम है, जिसमें कोटा मंडल की प्रमुख भूमिका रही है। कोटा मंडल में कवच 4.0 प्रणाली की देश में पहली सफल कमीशनिंग और वंदे भारत ट्रेनों के स्पीड ट्रायल उल्लेखनीय हैं।

श्री पीयूष शर्मा को 3 सितंबर 2025 को कँवलपुरा-दरा रेलखंड पर अत्यधिक वर्षा के दौरान समय रहते निर्णय लेकर संभावित गंभीर रेल दुर्घटना टालने और सैकड़ों यात्रियों की जान बचाने के लिए यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया।

# सुकेत बस स्टैंड विवाद: 65 साल पुराने पट्टों पर नोटिस के बाद चला पीला पंजा, भारी पुलिस जाब्ते में हटाया गया अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी (नि.स.)।** सुकेत नगर पालिका से जुड़ा एक गंभीर और विवादित मामला सामने आया है। नगर पालिका प्रशासन ने सुकेत बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित वर्षों पुराने निर्माणों को लेकर पहले नोटिस जारी किए और इसके बाद भारी पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में पीले पंजे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की, जिससे क्षेत्र में हडक़ंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित लगभग 65 वर्ष पुराने पट्टों पर बनी दुकानों को अतिक्रमण मानते हुए संबंधित दुकान मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस में सात दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने एवं संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। समयावधि पूरी होने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से कार्रवाई को अंजाम दिया।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का केंद्र बस स्टैंड वॉलीबॉल मैदान रहा, जिसे प्रशासननगरपालिका स्वामित्व की भूमि बताते हुए अवैध कब्जा करार दे रहा है। वहीं स्थानीय खिलाड़ी और खेल प्रेमी इसे दशकों पुराना खेल मैदान बता रहे हैं, जहां पूर्व में राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल टूर्नामेंट तक आयोजित हो चुके हैं।

इस मामले में फ्रेंड्स क्लब ने प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया है। क्लब पदाधिकारियों का कहना है कि करीब 60 वर्ष पूर्व सेठ आगरा वाला द्वारा गांव के मनोरंजन और खेल गतिविधियों के लिए दान किए गए मैदान को रात के अंधेरे में लाइटें बंद कराकर, सडक़ें जाम कर और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तहस-नहस कर दिया गया। खिलाडियों का आरोप है कि कुछ भू-माफियाओं द्वारा फर्जी रजिस्ट्रियों के जरिए मैदान पर कब्जा करने का प्रयास किया गया और जब सीधे तौर पर सफलता नहीं मिली, तो कथित रूप से जमीन का एक हिस्सा प्रशासन को दान देकर कार्रवाई करवाई गई। पीडि़त पक्ष का यह भी आरोप है कि बस स्टैंड स्थित वॉलीबॉल ग्राउंड को किसी निजी व्यक्ति द्वारा खरीदे जाने की चर्चा है और उसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दुकानों को हटाकर रास्ता खोलने की योजना के तहत यह पूरी कार्रवाई की गई। दुकानदारों और खिलाडियों का कहना है कि बिना मुआवजा और पुनर्वास के इस प्रकार की कार्रवाई उनकी आजीविका और खेल प्रतिभाओं दोनों पर संकट पैदा कर रही है।

वहीं पुलिस उप अधीक्षक घनश्याम मीणा ने बताया कि सुकेत में प्रस्तावित बस स्टैंड एवं नगरपालिका स्वामित्व वाली भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। संबंधित व्यक्तियों के पास कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। समझाइश और पूर्व में नोटिस दिए जाने के बावजूद जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

### साईबर फ्रॉड प्रकरण मे फरार आरोपी राजा सिंह को पुलिस थाना भवानीमण्डी ने किया गिरफतार
## प्रकरण मे अब तक 9 आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमण्ड़ी,(अब्दुल सलीम मंसूरी)।** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि वर्तमान में बढते हुये साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं साईबर अपराध में संलिप्त खाता धारको के विरूद्ध प्रभावी कानुनी कार्यवाही हेतु सभी थानाधिकारीयो को थाना स्तर पर टीम गठित कर कार्यवाही हेतु विशेष अभियान रखा है। जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमंडी द्वारा थाना हाजा पर विशेष टीम का गठन किया गया गठित टीम द्वारा साइबर अपराध में संलिप्त बैंक खाता धारक मे फरार चल रहे आरोपी राजा सिंह को गिरफतार करने मे महत्वपुर्ण सफलता अर्जित की है।

पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 30 सितंबर 2025 तेजेन्द्रसिंह कानि. 1379 (साईबर नोडल थाना भवानीमण्डी) को म्युल खाता व पोस सिम अभियान के तहत एक गोपनीय सुचना प्राप्त हुई कि थाना ईलाके का निवासी 1. दिनेश 2. धीरेन्द्र स्वयं के बैंक खातो को म्यूल बैंक खातो के रूप में उपयोग कर उन म्युल बैंक खातों के माध्यम से बड़े पैमाने पर साईबर धोखाधड़ी करते है। टेक्नीकल विश्लेषण के आधार पर पाया गया कि दिनेश व उसके साथियों ने मिलकर आमजन के साथ म्युल बैंक खातों के माध्यम से साईबर फ्राड कर लाभ प्राप्त करते है इत्यादी घटना पर उक्त दोनो के खिलाफ अपराध धारा 318(4),316(2),61(2) बीएनएस 2023 व धारा 66 डी आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्मिकों एवं विद्यार्थियों को किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशन में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में निरंतर जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।

इसी क्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ओम प्रकाश तोषनीवाल ने जानकारी दी कि जिला स्वास्थ्य समिति, चित्तौडग़ढ़ द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा बाल विवाह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को आरटीडीसी होटल, चित्तौडग़ढ़ में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में स्वास्थ्य विभाग, बाल अधिकारिता विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के संयुक्त तत्वावधान में जिले के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों को बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# मुकुंदरा हिल्स में रणथम्भौर के 'सुल्तान' बाघ टी-2408 की दहाड़; बाघिन कनकटी के साथ बनाएगा जोड़ी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** वन्यजीव प्रेमियों के लिए खुशखबर है। रणथम्भौर के बाघ टी-2408 को मुकुन्दरा हिल्स टाइगर रिजर्व में शिफ्ट किया गया है। अब बाघ टी-2408 का नया ठिकाना मुकुन्दरा होगा।

वन अधिकारियों की मौजूदगी में बाघ को मुकुन्दरा की दरा रेंज के 21 हेक्टेयर के एनक्लोजर में छोड़ा गया। बाघ की आयु करीब 3 वर्ष 9 माह है। इस बाघ की बाघिन कनकटी के साथ जोड़ी बनाई जाएगी।

**मुकुंदरा-रामगढ़ बनेगा बाघ संरक्षण का केंद्र- बिरला**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि बाघ टी-2408 के सफल स्थानांतरण पर मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में हो रहे समन्वित प्रयास आने वाले समय में कोटा-बून्दी क्षेत्र को बाघ संरक्षण का प्रमुख केंद्र बनाएंगे। कोटा-बूंदी में बाघों की संख्या बढने से न सिर्फ इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार व आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे। वन संरक्षण, पर्यटन और जनभागीदारी का यह साझा प्रयास हाड़ौती को प्रकृति और विकास के संतुलन का उदाहरण बनाएगा।

**2018 में पहली शिफ्टिंग**

मुकुन्दरा में बाघों की शिफ्टिंग की शुरुआत 3 अप्रैल 2018 को हुई, जब रणथम्भौर के रामगढ़ विषधारी अभयारण्य पहुंचे बाघ टी-91 उर्फ मिर्जा को ट्रेंकुलाइज कर मुकुन्दरा टाइगर रिजर्व शिफ्ट किया गया। इसके बाद मुकुन्दरा में एक बार फिर बाघों की दहाड़ सुनाई देने लगी। इसके करीब एक वर्ष बाद अप्रैल 2019 में रणथम्भौर से बाघिन टी-83 को मुकुन्दरा भेजा गया।

**आठ से अधिक बाघ-बाघिन किए शिफ्ट**

मुकुन्दरा हिल्स टाइगर रिजर्व में सबसे पहले टी-91, इसके बाद टी-83, फिर स्वयं पहुंचे टी-98, उसके बाद टी-106, 3 नवंबर 2020 को बाघ टी-110, फलौदी रेंज से बाघिन टी-2301, इसके अलावा बाघिन टी-102 के शावक को अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क से मुकुन्दरा भेजा गया। जून 2025 में बाघिन एरोहेड की बेटी अवनि उर्फ कनकटी टी-2507 को मुकुन्दरा भेजा गया था।

**इसलिए किया शिफ्ट**

रणथम्भौर में वर्तमान में 75 से अधिक बाघ-बाघिन व शावक हैं, जो यहां की क्षमता से अधिक हैं। इससे इलाके (टेरिटरी) को लेकर संघर्ष की आशंका बनी रहती है। वहीं, पूर्व में एनटीए की ओर से मुकुन्दरा में एक बाघ को शिफ्ट करने की अनुमति जारी कर दी गई थी। ऐसे में वन विभाग ने शिफ्टिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया है।

### दो दिवसीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आगाज
# 210 युवक-युवतियों ने दिया परिचय, परिजनों की निगाहें तलाशती रहीं योग्य वर-वधु

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** अग्रवाल सेवा उत्थान समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को नयापुरा स्टेडियम में हुआ। संस्था के संभागीय महामंत्री संजय गोयल एवं मंत्री गजानंद सिंघल ने बताया कि पहले दिन 210 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। इस अवसर पर अग्र पहल परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

संभागीय अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम में प्रतिपक्ष नेता विवेक राजवंशी रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि परिचय सम्मेलन समाज के लिए आवश्यक मंच है, जहां विवाह योग्य युवक-युवतियां एक-दूसरे को समझ सकते हैं। उन्होंने खर्चीली शादियों और छोटे परिवार की प्रवृत्ति को चिंता का विषय बताया। समाजसेवी संदीप अग्रवाल चांदीवाला ने संयुक्त परिवार की महत्ता पर जोर दिया।

परिचय का क्रम प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक चला। कुछ युवक-युवतियों ने स्वयं तो कुछ के परिजनों ने मंच से परिचय दिया। देश के विभिन्न राज्यों से आए परिजनों की भी भागीदारी रही। मंच संचालन एडवोकेट दीपक मित्तल एवं महेश मित्तल ने किया।

कार्यक्रम में निशुल्क कुंडली मिलान की व्यवस्था भी की गई। रविवार को सम्मेलन का दूसरा दिन आयोजित होगा।



# विद्यार्थियों को नियमों की पालना के लिए शिक्षक प्रेरित करें -श्रीकांत कुमावत

## नो हेलमेट नो एंट्री - देवेंद्र शर्मा




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बाड़ी में चल रहे, शिक्षक दक्ष प्रशिक्षण शिविर में जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थी के भविष्य का निर्धारण करते हैं। वह समाज को नई रोशनी दिखाने का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य विभिन्न आयोजनों के माध्यम से यातायात नियमों की जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का है। शिक्षक वर्ग इसमें महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाएं। पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने कहा कि यदि शिक्षक विद्यालय में - नो हेलमेट नो एंट्री का कड़ाई से पालन करें, तो आने वाले समय में सभी यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कर सकते है। उन्होंने कहा कि बाड़ी में यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा लगातार समझाइश अभियान चलाया जा रहा है और चालान की कार्रवाई भी की जा रही है मगर फिर भी लोग यातायात नियमों का नियमित रूप से पालन नहीं कर रहे। परिवहन विभाग की ओर से सभी शिक्षकों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई। पुलिस थाना कोतवाली द्वारा इस अवसर पर नो हेलमेट नो एंट्री पोस्ट का विमोचन किया गया। समारोह के दौरान यातायत कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिन्होंने यातायात नियमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। परिवहन व्यक्तियों से सीख से सुरक्षा टेक्नोलॉजी से परिवर्तन विषय पर न्यू एरा पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सबसे अधिक विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी निभाई इस अवसर पर जिला परिवहन विभाग के भूदेव त्यागी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कंचनपुर पुलिस ने पकड़े पुलिस पर हमले और हर्ष फायरिंग के आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की कंचनपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पंजीपुरा गांव में एक्साइज एक्ट में कार्रवाई करने गई पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में आरोपी सहित आधा दर्जन परिवारजनों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने दूसरी कार्रवाई में अतिराज का पूरा गांव से हर्ष फायरिंग के दूसरे आरोपी को गिरफ्त में लिया है। जिसके कब्जे से 12 बोर की दुनाली बंदूक भी बरामद की गई है। कंचनपुर थाना अधिकारी रामकृष्ण यादव ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की है। दिनांक 12 /12 /2025 को पंजीपुरा गांव में आरोपी अशोक ठाकुर को गांव पंजीपुरा में गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर आरोपी के परिवारजनों ने हमला किया था और आरोपी अशोक ठाकुर को छुड़ा कर ले गए थे। उक्त प्रकरण में पुलिस ने थाने पर मामला दर्ज करते हुए राजकाज में बाधा और हमले के मामले में आरोपी अशोक ठाकुर पुत्र साहब सिंह ठाकुर के साथ उसके परिवार के मोहन प्रकाश पुत्र अशोक ठाकुर, मुकेश पुत्र साहब सिंह, भगवान सिंह पुत्र नारायण सिंह, उम्मेद पुत्र नारायण सिंह, शिवजी पुत्र रामनाथ को गिरफ्तार किया है।

# एसडीएम का औचक निरीक्षण, अनुपस्थित मिले कार्मिको को कारण बताओं नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी द्वारा पिछले दो दिन में से एक्शन मोड पर आते हुए विभिन्न कार्यालय का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत अनुपस्थित मिले कार्मिकों की गैर हाजिरी कर कारण बताओं नोटिस भी जारी किए गए हैं। एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने सुबह 9:48 पर नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया जिसमें कुल 35 कार्मिकों में से 26 कार्मिक अनुपस्थित मिले। ऐसे में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अमिताभ मीणा को अनुपस्थित कार्मिकों को लेकर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। वही शनिवार को सुबह शहर के सामान्य अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया जिसमें 166 कार्मिको में से 37 कार्मिक अनुपस्थित मिले जिसको लेकर एसडीएम ने अस्पताल के पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल को अनुपस्थित कार्मिको को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। एसडीएम द्वारा शहर के कायस्थ पाड़ा मोहल्ले में संचालित अर्बन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया जिसमे ताला लटका मिला। सभी कर्मचारी नदारद मिले। जिसको लेकर एसडीएम ने ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ गब्बर मीणा को मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

# गृह राज्य मंत्री बेढम ने की सचिवालय में नगरपालिका बृजनगर में विकास कार्यों में आ रही समस्याओं पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** गृह राज्य मंत्री की अध्यक्षता में सचिवालय जयपुर स्थित अपने कक्ष पर नगरपालिका बृजनगर में रूडसिको द्वारा कराये जा रहे सीवरेज व ड्रेनेज कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हरिमोहन मीणा, कार्यकारी निदेशक, रूडसिको, जयपुर, रामअवतार मित्तल पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका, बृजनगर, प्रकाश अम्बेश पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका, बृजनगर, रमनलाल सैनी पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका, बृजनगर, तारा चन्द जी रि0 अध्यापक एवं भाजपा कार्यकर्ता एवं एवं अधीक्षण अभियन्ता रूडसिको, अधिशाषी अभियन्ता रूडसिको, अधिशाषी अधिकारी बृजनगर व सीकरी एवं सहायक अभियन्ता नगरपालिका बृजनगर व सीकरी,कनिष्ठ अभियन्ता नगरपालिका बृजनगर व सीकरी आदि मौजूद रहे। नगरपालिका बृजनगर क्षेत्र में सीवरेज कार्य पर चर्चा- अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बृजनगर एवं सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियन्ता नगरपालिका बृजनगर द्वारा अवगत कराया गया की नगरपालिका बृजनगर में सीवरेज कार्य के 8 डब्लूडब्लूटीपी प्रस्तावित है, वर्तमान में 3 डब्लूडब्लूटीपी हेतु भूमि आंवटन की गई है। जिन पर कार्य प्रगति पर है। शेष डब्लूडब्लूटीपी के संबंध में निम्न निर्णय लिये गये। डब्लूडब्लूटीपी को अमरदासा पोखर के समीप निर्मित किये जाने का निर्णय लिया गया। डब्लूडब्लूटीपी शेष 4 डब्लूडब्लूटीपी को अनार देवी स्कूल के पीछे नगरपालिका को आवंटित भूमि पर निर्मित करने का निर्णय लिया गया। उक्त निर्णयों के माध्यम से कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समय सीमा में प्रगति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया गया। नगरपालिका बृजनगर व सीकरी में ड्रेनेज कार्य पर चर्चा- नगरपालिका बृजनगर सीकरी क्षेत्र में गन्दे पानी की निकासी एवं बरसात से होने वाले जल भराव से कस्बे वासियों को निजात दिलाने हेतु ड्रेनेज कार्य के संबंध में संबंधित अधिकारीयों द्वारा अवगत कराया गया की ड्रेनेज कार्य का प्रस्ताव डीपीआर तैयार कर लिये गये है। जिस पर माननीय गृह राज्य मंत्री महोदय द्वारा इन प्रस्तावों के लिये बजट प्रावधान सुनिश्चित कराने हेतु वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिये वित्त विभाग को प्रेषित करने के निर्देश प्रदान किए गये।

साथ ही बजट घोषणा अन्तर्गत ड्रेनेज कार्यो की कार्यकारी एजेन्सी रूडसिको के स्थान पर संबंधित नगरपालिका को बनाने निर्देश प्रदान किये गये। तत्पश्चात बैठक का समापन किया गया।

# 11 सूत्रीय माँगो एवं 7 संकल्पों को लेकर 12 को जयपुर में कर्मचारियों की महारैली

## राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के पदाधिकारियों ने महा रैली के पोस्टर का किया विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से सोमवार को जयपुर में आयोजित होने वाली चेतावनी महारैली में जिले भर से सैकड़ो कर्मचारी 12 को जयपुर कूच करेंगे। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शनिवार को पंचायत समिति में बैठक कर महा रैली के पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पटवारी, नर्सेज, शिक्षक प्रबोधक, पशु व कृषि विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की वेतन विसंगति लंबे समय से चली आ रही हैं। किसी भी विभाग में अभी तक ट्रांसफर पॉलिसी लागू नहीं की जा रही हैं, तृतीय श्रेणी शिक्षकों, ग्राम विकास अधिकारी, पुलिस, चिकित्सा आदि विभागों में कई सालों से डीपीसी नहीं हो रही हैं। अधीनस्थ सेवा के कर्मियों को 20-25 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति नहीं मिल पाती हैं ।

जिला मंत्री रविंद्र सिंह त्यागी के मुताबिक़ प्रदेश के कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों एवं 7 संकल्पों को पूरा कराने हेतु महासंघ ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए राजधानी में हजारों कर्मचारियों की महा रैली निकाली जाएगी। इस मौके पर श्रीराम गोस्वामी, हरीसिंह गुर्जर, चन्द्रशेखर शर्मा, केदार सिंह बघेल, जगदीश मान, हरेंद्र तोमर, अजीत चौधरी, कृष्ण कुमार तोमर, सुशील भारद्वाज, राधाकृष्ण शर्मा, पुरुषोत्तम शुक्ला, अनिल शर्मा, भानु प्रताप परमार, कमरुद्दीन, कुलदीप शर्मा, फिरोज खान, मनोज मीणा, दिनेश शर्मा, आमोद श्रीवास्तव, जितेन्द्र शर्मा सहित महासंघ से जुड़े विभिन्न संगठनों के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने मनरेगा बचाने को शुरू किया अभियान

## केंद्र सरकार पर नाम बदलने व कमजोर करने का आरोप, बैठक में बनी रणनीति



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा योजना को कमजोर करने और नाम बदलने के केंद्र सरकार के कथित प्रयासों के खिलाफ आगामी कार्यक्रमों पर बेठक की। जिसमें जिला संगठन प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत यादव मुख्य मेहमान रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक संजय कुमार और विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने की। बैठक में 'मनरेगा बचाओ, संग्राम जनजागरण अभियान' का आगाज किया गया। यह अभियान आगामी 45 दिनों तक जिला स्तर से लेकर ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर तक चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य गांव, गरीब और मजदूर के हितों की रक्षा करना है। जिला संगठन प्रभारी अजीत यादव ने कहा कि काम के अधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी के सिपाही सड़क से लेकर संसद तक लड़ेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार मनरेगा पर 'बुलडोजर चलाकर' गरीबों के हितों पर हमला कर रही है। यादव ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस गांव, गरीब और मजदूर के संवैधानिक अधिकारों पर हमला किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। गरीबों के हक के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक लड़ेगी।

उन्होंने मनरेगा की गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि जो लोग इसे कमजोर कर रहे हैं, वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को सार्थक नहीं होने देना चाहते। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 11 जनवरी को गांधी पार्क में उपवास का कार्यक्रम भी रखा जाएगा। विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने महात्मा गांधी का नाम हटाने को गलत बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी इस देश की आत्मा हैं और यह योजना गरीबों के कल्याण के लिए बनाई गई थी। इस मौखे पर कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा कांग्रेस जिला सचिव रोशनी शिवहरे अमित मुद्गल रामेंद्र मीणा अनिल अरेला नईम खान अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर भव्य काव्य पाठ, कवि सम्मेलन एवं कवियों का सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर पंख फाउंडेशन भरतपुर के तत्वावधान में एवं सर्व समाज महासभा के सानिध्य में टेक्नोलॉजी पार्क सेवर, पर भव्य काव्य पाठ, कवि सम्मेलन एवं कवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय अनेक कवियों ने हिंदी भाषा, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक चेतना एवं मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कवि कृष्णा ने 'बूढ़े दरख्त के साए के जैसा हूं, पिता हूं दर्द में फाय के जैसा हूं' जैसी मार्मिक कविता से श्रोताओं को भावुक कर दिया। लोकेंद्र सुमन ने 'मैं हिंदुस्तानी हूं, ऐसा जो हिंदी को ही चाहता हूं' के माध्यम से हिंदी के प्रति गर्व और समर्पण व्यक्त किया। प्रियंका पुरोहित ने 'मेरी खूबसूरती मेरे चेहरे में नहीं, मेरे हौसलों में है' से आत्मविश्वास का संदेश दिया। प्रिया शुक्ला ने 'भाग्य की रेखाएं गढ़ती सदा' कविता से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। गोविंद डागौर की 'फिर वही चांदनी, फिर वही रात हो' प्रेम कविता ने माहौल को सुरम्य बना दिया। वेद प्रकाश शर्मा 'वेद' ने 'हमारी जान है हिंदी, हमारा प्राण है हिंदी' से हिंदी की महत्ता को रेखांकित किया। डॉ. अविनाश सोनी ने देशहित से जुड़ी तीखी पंक्तियों द्वारा पाकिस्तान पर कटाक्ष किया अगर हम भरतपुर वाले आए तो इतना जूता बरसेगा तू पीने का पानी तो छोड़ धोने को भी तरसेगा सभी कवियों ने हिंदुस्तानी भाषा को अधिक से अधिक अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आलोक शर्मा, विशिष्ट अतिथि सर्व समाज महासभा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल एवं एडिशनल एसपी गणपत लाल महावर उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा सभी कवियों का दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही छह नवोदित कवियों द्वारा भी अपनी प्रस्तुति पेश की गई,उनका भी सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया इस अवसर पर ओमप्रकाश सिंघल ने कहा कि 'हिंदी केवल भाषा नहीं, हमारी सांस्कृतिक आत्मा है। ऐसे आयोजनों से हिंदी का सम्मान बढ़ता है और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।'

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहसंयोजक कृष्णकांत शर्मा, रणजीत सिंह, सरोज शर्मा एवं जीवनलाल शर्मा एवं ब्लॉगर शिवम शर्मा और रोहित जांगिड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राकेश गोयल अध्यक्ष एवं नीरज कुमार बंसल मंत्री बने

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** श्री सर्राफा व्यापार संघ भरतपुर के द्विवार्षिक चुनाव में वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष राकेश गोयल एवं मंत्री नीरज कुमार बंसल को विजयी घोषित किया गया, 89 मतपत्र डाले गये जो कमेटी की सदस्यों द्वारा दिये गये। अध्यक्ष को 47 वोट मिले व मंत्री को 50 वोट मिले। चुनाव गुप्त प्रणाली द्वारा हुआ।

# शीत लहर बेहद आक्रमक, जो सेहत को पहुंचा सकती है कई नुकसान -डॉ. असित श्रीवास्तव

## सर्दियों में बढ़ जाती है स्ट्रोक और न्यूरोलॉजिकल समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** वर्तमान में राज्य एवं जिले में शीतलहर का प्रकोप चल रहा है शीत लहर एक प्रकार का मौसम है, जिसमें हवाएं बेहद ठंडी हो जाती हैं और तेज गति से चलती हैं। शीत लहर में ठंडी हवाएं बेहद आक्रमक होती हैं, जो सेहत को कई नुकसान पहुंचा सकती हैं। शीत लहर के कारण सेहत संबंधी समस्याए बढ़ जाती है और समय पर उपचार नहीं लेने पर व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। उक्त जानकारी उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी(स्वा0) भरतपुर डॉ. असित श्रीवास्तव, ने पत्रकार को दी।

### 1. हृदय से जुड़ी परेशानी

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि शीत लहर में ठंडी हवाएं बेहद आक्रमक होती हैं, जो सेहत को कई नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसके कारण हृदय प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे संभावित रूप से हार्ट अटैक, तेज धड़कन, भारीपन आदि जैसी समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं।

### 2. स्ट्रोक और न्यूरोलॉजिकल समस्याएं

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि अधिक ठंडी हवाओं के संपर्क में रहने से हाइपोथर्मिया एक बड़ा खतरा बन जाता है, जो शरीर की स्थिर आंतरिक तापमान बनाए रखने की क्षमता को चुनौती दे सकता है।

यह तंत्रिका संबंधी कार्यों को बाधित करता है, जिससे स्ट्रोक की संभावना बढ़ जाती है।



### 3. सांस लेने में तकलीफहोना या सांस फूलना

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि ठंडी हवा वायुमार्ग को संकुचित कर देती है, जिससे अस्थमा या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जैसी समस्या से पीड़ित व्यक्ति में जोखिम बढ़ जाता है। श्वसन प्रणाली पर दबाव हृदय संबंधी समस्यायों की संभावना को बढ़ा देता है।

### 4. बढ़ जाता है साइकोलॉजिकल स्ट्रेस

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि अत्यधिक ठंड से साइकोलॉजिकल स्ट्रेस, तनाव हार्मोन को उत्तेजित कर सकता है, जो नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है। यह हृदय संबंधी समस्यायों को ट्रिगर कर सकता है, या मौजूदा हृदय संबंधी स्थितियों को बत्तर कर सकता है।

### 5. संक्रमण का खतरा

डा0 श्रीवास्तव ने बताया कि लंबे समय तक ठंडी हवाओं के संपर्क में रहने से इम्युनिटी कमजोर हो सकती है। इससे फ्लू और सामान्य सर्दी-खांसी जैसे रेस्पिरेटरी संक्रमणों की संवेदनशीलता बढ़ जाती है। सर्दियों में शरीर को अतिरिक्त सुरक्षा की जरुरत होती है। भारतीय रसोई के पारंपरिक खाद्य पदार्थ- जैसे आंवला (विटामिन सी से भरपूर), हल्दी(सूजन और संक्रमण से बचाव), अदरक व लहसुन (सूजन और संक्रमण से बचाव), गुड (शरीर को गर्मी देता है) और तिल व मूंगफली- (जिंक और हेल्दी फैट का स्र्तोत) आदि- प्राकृतिक रुप से इम्युनिटी को मजबूत करते है और मौसमी संक्रमण से बचाव में मदद करते है। जनसाधारण को शीतलहर से बचाव के लिए अपनी दैनिक दिनचर्या में इन प्रभावी उपायों को अपनाना चाहिए जो कि इस प्रकार है-

1. खुदको गर्म रखने के लिए पूरे कपड़े पहनें।
2. सही खानपान से मदद मिलेगी।
3. शरीर को सक्रिय रखें ।
4. ठंडी हवाओं के संपर्क में ज्यादा समय न बिताए।
5. आयरन और विटामिन बी12 की मात्रा पर ध्यान दें।

# हॉस्पिटल के ठीक सामने हुआ हादसा, कार और बोलेरो में जबरदस्त भिड़ंत तीन घायल, अस्पताल से गंभीर हालत में धौलपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शुक्रवार की देर रात शहर में हॉस्पिटल की ठीक बाहर सड़क हादसा हो गया। दुर्घटना में कार और बोलेरो की भिड़त हुई जिसमे तीन लोग घायल हुए है। जिन्हें गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रैफर किया है।

घटना के बाद सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अस्पताल से क्रेन द्वारा उठाकर टाउन चौकी पहुंचाया गया है। बाड़ी सामान्य अस्पताल के पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल ने बताया कि शुक्रवार की देर रात करीब एक बजे विदरपुर गांव से बोलेरो सवार आये थे। जिनका मैरिज हॉस्पिटल में भर्ती था। बोलेरो में बिदरपुर गांव निवासी होरीलाल पुत्र जगराम कुशवाहा बैठा हुआ था। इस दौरान महाराज बाग की तरफ से आई तेज गति कार ग्लांजा कार ने सड़क किनारे खड़ी बोलेरो में सीधे टक्कर मार दी। दुर्घटना की आवाज सुनने पर अस्पताल स्टाफ मौके पर पहुंचा। जहां दोनों वाहन आपस में भिड़े हुए थे। इस दौरान कार में बैठे दो घायलों को लोगों ने बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। घटना में कुल तीन लोग घायल हुए हैं। जिनमें कार सवार विवेक पुत्र राजेश को कुशवाहा और सोनू पुत्र प्रेम सिंह कुशवाह गुमट निवासी हैं। वही बोलेरो सवार हीरालाल पुत्र जगराम कुशवाह विदरपुर गांव का है। तीनो घायलों को अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को टाउन चौकी पर परिसर पहुंचाया गया है। फिलहाल घायलों का उपचार जिला अस्पताल धौलपुर में जारी है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सडक़ों पर उतरा हिंदू समाज

बढ़ता राजस्थान




**रावतभाटा (नि.स.)।** हिंदू जागरण मंच के खंड युवा प्रमुख प्रवीण लाड़ एवं नगर संयोजक दिनेश ठाकुर ने बताया शनिवार को रावतभाटा का सकल हिंदू समाज हिंदू जागरण मंच के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सडक़ों पर उतरा और जोरदार प्रदर्शन किया साथ ही बांग्लादेश अंतरिम सरकार प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन एवं माननीय गृह मंत्री महोदय के नाम तहसीलदार महोदय को ज्ञापन दिया गया।

हिंदू जागरण मंच से बड़ोदिया प्रमुख बनवारी लाल वैष्णव ने बताया सर्व समाज के कार्यकर्ता अंबे माता मंदिर पर एकत्र हुए।

अंबे माता मंदिर चौराहे पर कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर नारेबाजी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन हिंदू जागरण मंच के संपर्क प्रमुख चंद्र सिंह भाटी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का परिचय हिंदू जागरण मंच के जिला आयाम प्रमुख डॉ जगदीश चंद्र शर्मा ने दिया।

उपस्थित जनसमूह को बांग्लादेश में हो रही घटनाओं से हिंदू जागरण मंच की महिला प्रमुख आशा व्यास, विप्र फाउंडेशन के हरिओम शर्मा, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पूर्व अध्यक्ष नानूराम अहीर, पेंशनर समाज अध्यक्ष शंभू लाल दशौरा, बार संगठन महामंत्री राहुल जैन , पंजाबी समाज अध्यक्ष बाल किशन गुलाटी किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाडा, प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, सहित कई कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया एवं बांग्लादेश सरकार को सीधे-सीधे चेतावनी दीएवं गृह मंत्री महोदय से बांग्लादेश सरकार पर कार्रवाई की मांग की गई।

तत्पश्चात सभी कार्यकर्ता बंधु बांग्लादेश सरकार का पुतला लेकर वाहन रैली के रूप में अंबे माता सर्कल से थाना चौराहा प्रताप मार्केट, चेतक मार्केट, होते हुए कामधेनु चौराहे पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं द्वारा कामधेनु चौराहे पर जमकर नारेबाजी की गई। एवं पुतला दहन किया गया। तहसीलदार महोदय को कामधेनु चौराहे पर गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया।

विरोध प्रदर्शन में रावतभाटा का जन समूह उमड पड़ा। कार्यक्रम में सामाजिक संगठन ,धार्मिक संगठन,व्यापारिक संगठन एवं रावतभाटा का जन समूह उपस्थित रहा।

ज्ञापन में बांग्लादेश में बढ़ रही अत्याचार की घटनाओं की जानकारी दी गई।

**हिंदुओं की सुरक्षा और अधिकारों की मांग**

सकल हिंदू समाज ने भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र बांग्लादेश सरकार से वार्ता कर ठोस कदम उठाए। ज्ञापन में मांग की गई कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए हिंदू समुदाय की संपत्तियों की रक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं

हिंदुओं के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए।

# रक्त की एक बूँद, किसी की पूरी ज़िंदगी- युवाओं के संकल्प से सजी मानवता की उम्मीद

**मानव सेवा संकल्प का जन-जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों ने लिया रक्तदान का संकल्प**

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** सामाजिक सरोकारों और रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही संस्था मानव सेवा संकल्प द्वारा मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर की तैयारियों के तहत व्यापक जन-जागरूकता अभियान को गति दी जा रही है। इसी क्रम में आयोजित तैयारी बैठक में अभियान की रणनीति पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँच सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया अभियान के अंतर्गत राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाल मन्दिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं न्यू मॉर्निंग एकेडमी सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को रक्तदान के महत्व, आवश्यकता एवं सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि रक्तदान एक सुरक्षित, सरल और जीवनरक्षक प्रक्रिया है, जिससे असंख्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वयं रक्तदान करने तथा अपने परिवार व समाज को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानव सेवा संकल्प के प्रणेता एडवोकेट अजय शर्मा ने कहा कि युवा वर्ग समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि छात्र जीवन से ही सेवा और संवेदनशीलता का भाव विकसित हो जाए, तो एक स्वस्थ, जागरूक और मानवीय समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने रक्त की निरंतर आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नियमित रक्तदान का आह्वान किया।

पूर्व शिविर संयोजक अज़मत काठात ने कहा कि रक्तदान केवल किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए आशा की किरण बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया वहीं शिविर संयोजक मुकेश गर्ग ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल रक्तदान शिविर आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में स्थायी जागरूकता पैदा करना है। विद्यार्थियों की सहभागिता से यह अभियान और अधिक प्रभावी होगा और भविष्य में रक्त की कमी जैसी गंभीर समस्या से निपटने में मदद मिलेगी।

# शम्भूपुरा थाना परिसर में विदाई एवं स्वागत समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** शम्भूपुरा थाना अधिकारी रामलाल मीणा की विदाई समारोह का आयोजन किया गया साथ ही नवनियुक्त थानाधिकारी धर्मराज मीणा का अंतर्राष्ट्रीय मानवधिकार जिलाध्यक्ष व भाजपा नेता राजू अग्रवाल शंभूपुरा, किसान नेता दिलखुश जाट केसरपुरा, कोषाध्यक्ष वर्दीचंद डांगी, मंडल मंत्री शंकरलाल गुर्जर सामरी ने मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया । रामलाल मीणा ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उत्कृष्ट सेवा प्रदान की और उनकी विदाई पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाए दी गई नवनियुक्त थाना अधिकारी धर्मराज मीणा ने अपना कार्यभार संभाल लिया। थानाधिकारी मीणा ने कहा कि मैं अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हूं में अपराधियों को चेतावनी देता हूं कि वह अपने गलत कामों से बाज आए नहीं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी व यातायात नियमों का पालन करने के लिए सभी नागरिकों से अपील करता हूं साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हूं मैं चाहता हूं कि महिलाए अपने आप को सुरक्षित महसूस करें स्थानीय नागरिकों ने उनकी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त की।

# राजस्थानी भाषा, साहित्य, संस्कृति अत्यंत समृद्ध- केन्द्रीय मंत्री मेघवाल



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति अत्यंत समृद्ध है। मायड़ भाषा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए गंभीरता से कार्य किया जाए। मेघवाल शुक्रवार को राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की मुखपत्रिका जागती जोत के सद्य प्रकाशित अंकों का बीकानेर ट्रेड फेयर एक्सपो परिसर में अवलोकन कर रहे थे। इन अंकों में दो विशेषांक राजस्थानी गद्य साहित्य री समालोचना व डॉ. नृसिंह राजपुरोहित विशेषांक शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री मेघवाल ने कहा कि राजस्थानी में उत्कृष्ट साहित्य सृजन हुआ है। अकादमी सचिव शरद केवलिया ने अकादमी गतिविधियों की जानकारी दी। जागती जोत संपादक मधु आचार्य आशावादी ने जागती जोत के प्रकाशित होने वाले आगामी अंकों के बारे में बताया।

# मंदाकिनी ने किया स्वाभिमान भोज रसोई का अवलोकन यूनेस्को टीम ने किया मंदाकिनी का स्वागत-सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ,(अमित शर्मा) ।** राम तेरी गंगा मैली फैम प्रसिद्ध अभिनेत्री मंदाकिनी ने शनिवार को रेल्वे स्टेशन के नजदीक मानसिंहका धर्मशाला में स्थित जवाहर फाउण्डेशन द्वारा संचालित स्वाभिमान भोज रसोई का अवलोकन किया। इस अवसर पर जवाहर फाउण्डेशन के संस्थापक व प्रसिद्ध उद्योगपति समाजसेवी रिजु झुनझुनवाला के 47वे जन्मदिवस का भी केक काटकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही स्वाभिमान भोज रसोई का अवलोकन के समय वहां आये जरूरतमंदों को थाली का टोकन भी स्वयं ने बोंटे। साथ ही प्रत्येक जरूरतमंद को अपने हाथों से थाली परोसी। इस अवसर पर मीडिया द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए जवाहर फाउण्डेशन द्वारा संचालित स्वाभिमान भोज की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के समय में एक रूपये की नाम मात्र राशि में भोजन उपलब्ध करवाना केवल सेवा ही नहीं बल्कि स्वाभिमान की भी मिसाल है। देश में इतनी कम राशि में स्वादिष्ट और भरपेट भोजन की सुविधा कही देखने को नहीं मिलती। ऐसा पुनित और प्रेरणादायक सेवाकार्य केवल भीलवाड़ा के भामाशाह की कर सकते है। धर्मशाला पहुंचने पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली व जवाहर फाउण्डेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा ने मंदाकिनी की आगवानी करते हुए गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात् स्वाभिमान भोज का अवलोकन कराया। इस अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, प्रवक्ता मधु लोढा, अर्पिता खमेसरा, नमिता डांगी, सुनिता बागचार सहित कई यूनेस्को टीम के सदस्यों ने भी मंदाकिनी का स्वागत सम्मान कर उन्हें बुके भेंट किये। इस अवसर पर जवाहर फाउण्डेशन के टीम सदस्य वैभव जोशी, लोकेन्द्र पण्ड्या, राकेश मानसिंहका, प्रकाश जोशी, शिल्पी सिंह, रामवती, राज ऋषि, सुनिल झा, सत्यम झा, दीपक मेहरा, रसोई संचालिका रजिया बानू सहित कई लोग उपस्थित थे।

**45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन से हर गांव-हर मजदूर तक पहुंचेगा संघर्ष का संदेश**

# काम के अधिकार पर संकट, कांग्रेस का निर्णायक प्रतिरोध-'मनरेगा बचाओ संग्राम का बिगुल'

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 'मनरेगा बचाओ संग्राम'के अंतर्गत काम के अधिकार की रक्षा हेतु 45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन प्रारंभ किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर द्वारा आंदोलन के सभी चरणों को पूर्ण संगठनात्मक अनुशासन, व्यापक जनभागीदारी एवं जमीनी स्तर तक प्रभावी क्रियान्वयन के साथ संचालित किया जाएगा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर चौधरी ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया एक अधिकार-आधारित कानून है, जो प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी देता है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वीबी-ग्राम-जी

कानून पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह रोजगार की कानूनी गारंटी को समाप्त करता है, पंचायतों की भूमिका कमजोर करता है, निर्णय प्रक्रिया का केंद्रीकरण करता है और बजट-सीमित ढांचे के जरिए गरीबों को उनके अधिकारों से वंचित करता है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना श्रम की गरिमा और ग्राम स्वराज पर सीधा हमला है। इन्हीं खतरों को देखते हुए कांग्रेस कार्यसमिति ने 27 दिसंबर 2025 को 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू करने का निर्णय लिया उसी के तहत शनिवार को ब्यावर में जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें मनरेगा बचाओ संग्राम पर विचार विमर्श किया साथ पत्रकारों के प्रश्नों के जवाब दिए गए आज 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास व प्रतीकात्मक विरोध, 12 से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर जनसंपर्क अभियान, 30 जनवरी को वार्ड व ब्लॉक स्तर धरना, 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला स्तरीय धरना व कलेक्टर कार्यालय पर ज्ञापन, 7 से 15 फरवरी तक विधानसभा घेराव तथा 16 से 25 फरवरी तक क्षेत्रीय पीसीसी रैलियों के साथ समापन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह गरीबों के रोजगार अधिकार, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और मनरेगा को कमजोर करने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नसीम अख्तर, प्रदेश महासचिव पूर्व विधायक राकेश पारीक, प्रदेश सचिव रूबी खान, ब्यावर विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच, सेवादल जिला अध्यक्ष विक्रम सोनी, महिला जिला अध्यक्ष इशिका जैन, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूपेंद्र पवार,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जयदीप रावत, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक रांका सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार में नौकरशाही हावी है - मीणा, किसानों के साथ मिलकर कांग्रेस लड़ेगी आर पार की लड़ाई



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** भाजपा सरकार किसान विरोधी है।अतिवृष्टी से किसानो की फसले सहित मकान व मवेशियो में भारी नुकशान हो गया है। लेकिन सरकार किसानो को मुआवजा नहीं दे रहे है। कांग्रेस पार्टी किसानो के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ी है।शनिवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महावीर मीणा ने किसानो के धरने पर बोलते हुए कहा। उन्होने कहा कि पर्ची की सरकार लाचार है। सरकार में नौकरशाही हावी है। हर विभाग में भ्रष्टाचार पनप रहा है। किसानो की कोई सुनने वाला नहीं है। अतिवृष्टि के समय उन्होने नैनवां क्षेत्र का दौरा किया था। कई गांव में अतिवृष्टि से तबाही मच गई थी लेकिन सरकार ने किसानो की सुध नहीं है। क्षेत्र के जागरूक किसानो द्वारा अपनी वाजिब मांगो को लेकर पिछले 10 दिनो से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस किसानो के धरने प्रदर्शन का समर्थन करती है। शीघ्र ही किसानो को फसल खराबा का मुआवजा नहीं दिया गया तो वे किसानो के साथ मिल कर उग्र प्रदर्शन करेगें। जिलाध्यक्ष महावीर मीणा के साथ प्रदेश युथ महासचिव गिरिराज मीणा, जिला परिषद प्रतिनिधि किशन गोपाल मीणा रायथल,बून्दी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामकरण मीणा मौजूद रहे।

## खाद्य मंत्री श्री गोदारा शनिवार को लूणकरणसर नगरपालिका क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा शनिवार को नगर पालिका लूणकरणसर में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गोदारा प्रातः 11.30 बजे वार्ड 2 में 40 लाख रुपए की लागत से बने अंबेडकर छात्रावास का लोकार्पण, दोपहर 12.30 बजे वार्ड 3 में तीन लाख रुपए की लागत से पार्क में लगाए गए झूलों का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 1 बजे कुंभाना बास में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 2 बजे कालवास में 10.95 लाख रुपए की लागत से बनी पार्क की चारदीवारी, भ्रमणपथ और बेंच का लोकार्पण करेंगे। गोदारा दोपहर 3.30 बजे जोगियासन बस्ती के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 7.50 लाख रुपए की लागत से तैयार टीन शेड और शौचालय का लोकार्पण करेंगे। गोरखनाथ पार्क में 9.95 लाख रूपए के मिट्टी भराई और चारदीवारी तथा मरम्मत कार्य, वार्ड 10 में 5 लाख रुपए की लागत से सार्वजनिक श्मशान भूमि में बने जल कुंड व टीन शेड का लोकार्पण करेंगे। गोदारा सायं 5 बजे रामनगरी में एनएच 62 से नाथवाना रोड व अंडर ब्रिज का शिलान्यास करेंगे। इस पर 9 करोड़ 50 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे।

## भक्ति और सेवा का संगमः घाटगेट पुलिस लाइन में उमड़ा जनसैलाब, 1400 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों सहित 3500 लोगों ने पाया पौष बड़ा प्रसाद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी के घाटगेट स्थित पुलिस दूरसंचार लाइन में शनिवार, 10 जनवरी को श्रद्धा और उल्लास का अनूठा नजारा देखने को मिला। यहाँ स्थित संचारेश्वर महादेव मंदिर में विशाल पौष बड़ा (भोजन प्रसादी) महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस महकमे के आला अधिकारियों से लेकर नवनियुक्त जवानों तक ने एक ही पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। यह भव्य धार्मिक आयोजन पुलिस दूरसंचार आवासीय परिसर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम एवं तकनीकी वी.के. सिंह, निदेशक दौलतराम अटल और पुलिस अधीक्षक डॉ. हेमराज मीणा सहित अन्य उच्चाधिकारियों का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## बुद्धाखेड़ा (कपासन) में तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा की कथा का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर के रेलवे स्टेशन (बुद्धाखेड़ा) स्थित श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा की कथा का धार्मिक आयोजन किया जायेगा।जिसको लेकर श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गयी है।

जानकारी अनुसार नगर कपासन के रेलवे स्टेशन स्थित बुद्धाखेड़ा में श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर पर नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से 21 से 23 जनवरी तक नानी बाई का मायरा की कथा का आयोजन होगा।उक्त तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा की कथा के समापन दिवस 23 जनवरी बसंत पंचमी पर उक्त धार्मिक आयोजन में ठाकुरजी द्वारा नानी का मायरा भरने की कथा का वाचन किया जायेगा। यहां नगर कपासन के बुद्धाखेड़ा में प्रतिदिन 12.15 से 4.30 नरसी भक्त चरित्र एवं नानी बाई का मायरा की कथा होगी।इधर उक्त तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा की कथा के धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा तैयारी आरंभ की जा चुकी है।जिसमे भक्तों एवं नगरवासियों द्वारा व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# ईरान में हिंसक प्रदर्शन
# 217 लोगों की मौत का दावा

## सेना बोली- बच्चों को प्रदर्शन से दूर रखें वरना गोली लगने पर शिकायत मत करना



बढ़ता राजस्थान

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 217 लोगों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डॉक्टर के हवाले से बताया कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें ज्यादातर की मौत गोली लगने से हुई हैं। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शन तेज होने पर कई जगहों पर गोलीबारी की थी, इसके बाद से लगातार कार्रवाई जारी है। इस बीच रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक अधिकारी ने सरकारी टीवी से बात करते चेतावनी दी कि माता-पिता अपने बच्चों को प्रदर्शनों से दूर रखें, अगर उन्हें गोली लगे तो शिकायत मत करना।




### सरकार प्रदर्शन रोकने के लिए पूरी ताकत लगा रही

रिपोर्ट के मुताबिक, पहले कुछ दिनों तक यह साफ नहीं था कि सरकार क्या रुख अपनाएगी। खुद एंटी राइट्स पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बल भ्रम में हैं। किसी को ठीक से नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है। लेकिन शुक्रवार को सामने आई खूनी तस्वीरों और सख्त बयानों से साफ हो गया कि अब पूरी ताकत का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले सरकार ने देशभर में इंटरनेट और फोन सर्विस लगभग बंद कर दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो ईरानी सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### एक्सपर्ट्स को आशंका- सरकार बेरहम कार्रवाई से नहीं हिचकेगी

एक्सपर्ट्स का कहना है कि अब जब प्रदर्शन मध्यम वर्गीय इलाकों तक फैल गए हैं, तो सरकार बेरहमी से कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी। उनका मानना है कि आने वाले दिनों में हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। ईरान पहले से ही इजराइल के साथ संघर्ष, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों, गिरती अर्थव्यवस्था, बिजली और पानी की किल्लत जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सरकार के भीतर भी मतभेद हैं। राष्ट्रपति मसूद पजशकियान सार्वजनिक तौर पर नरम रुख दिखा रहे हैं, लेकिन उनके कई मंत्री सख्त कार्रवाई के पक्ष में हैं। सरकार का आरोप है कि अमेरिका और इजराइल इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोग पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी के समर्थन में नारे लगा रहे हैं, जिन्होंने विदेश से प्रदर्शन तेज करने की अपील की है। कुर्द इलाकों में भी लोग सड़कों पर उतर आए हैं। कई प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अब उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं बचा है।

### ईरान में महंगाई से आम लोगों में नाराजगी बढ़ी

देशभर में जेनजेड आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रहा है। दिसंबर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 72% और दवाओं की कीमतों में 50त्न तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा सरकार द्वारा 2026 के बजट में 62% टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव ने आम लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है।

### क्राउन प्रिंस को सत्ता सौंपने की मांग


ईरान में 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी सत्ता में आए। वे 1979 से 1989 तक 10 साल सुप्रीम लीडर रहे। उनके बाद सुप्रीम लीडर बने अयातुल्ला अली खामेनेई 1989 से अब तक 37 साल से सत्ता में हैं। ईरान आज आर्थिक संकट, भारी महंगाई, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों, बेरोजगारी, मुद्रा गिरावट और लगातार जन आंदोलनों जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। 47 साल बाद अब मौजूदा आर्थिक बदहाली और सख्त धार्मिक शासन से नाराज लोग अब बदलाव चाहते हैं। इसी कारण 65 वर्षीय क्राउन प्रिंस रजा पहलवी को सत्ता सौंपने की मांग उठ रही है। प्रदर्शनकारी उन्हें एक धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक विकल्प मानते हैं। युवाओं और जेन जी को लगता है कि पहलवी की वापसी से ईरान को आर्थिक स्थिरता, वैश्विक स्वीकार्यता और व्यक्तिगत आजादी मिल सकती है।

### ईरान की इकोनॉमी तेल निर्यात पर निर्भर

साल 2024 में ईरान का कुल निर्यात लगभग 22.18 बिलियन डॉलर था, जिसमें तेल और पैट्रोकैमिकल्स का बड़ा हिस्सा था, जबकि आयात 34.65 बिलियन डॉलर रहा, जिससे व्यापार घाटा 12.47 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। 2025 में तेल निर्यात में कमी और प्रतिबंध के कारण यह घाटा और बढ़कर 15 बिलियन डॉलर तक बढ़ा है। मुख्य व्यापारिक साझेदारों में चीन (35त्न निर्यात), तुर्की, यूएई और इराक शामिल हैं। ईरान चीन को 90त्न तेल निर्यात करता है। ईरान ने पड़ोसी देशों और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के साथ व्यापार बढ़ाने की कोशिश की है, जैसे कि ढ्ढहस्रञ्ज कॉरिडोर और चीन के साथ नए ट्रांजिट रूट्स। फिर भी, 2025 में जीडीपी वृद्धि केवल 0.3त्न रहने का अनुमान है। प्रतिबंध हटने या परमाणु समझौते की बहाली के बिना व्यापार और रियाल का मूल्य स्थिर करना मुश्किल रहेगा।

## रिपोर्ट-वेनेजुएला का तेल भारत को देगा अमेरिका

### ट्रम्प दुनिया की बड़ी ऑयल कंपनियों के अफसरों से मिले; रिलायंस भी तेल खरीद सकती है



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदने की इजाजत दे सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारी के मुताबिक यह सब अमेरिका की निगरानी और शर्तों के साथ होगा। हालांकि इससे जुड़ी शर्तें क्या हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। इसका मतलब यह है कि अमेरिका के प्रतिबंधों की वजह से जो व्यापार रुका हुआ था, वह अब फिर से शुरू हो सकता है। वहीं, रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस भी चाहती है कि अमेरिका उसे वेनेजुएला का तेल खरीदने की इजाजत दे दे। दूसरी ओर ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट में दुनिया की बड़ी तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। यहां उन्होंने वेनेजुएला के तेल क्षेत्र में करीब 9 लाख करोड़ रुपए के निवेश की बात कही। वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज का सदस्य है। उसके पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है, लेकिन वह वैश्विक सप्लाई का सिर्फ करीब 1% ही देता है।



## राजस्थान-कोहरे के कारण गाड़ियां भिड़ीं
## 4 पुलिसवालों सहित 24 घायल, फ्लाइट कैंसिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के 10 से ज्यादा जिले शनिवार को सुबह भी घने कोहरे की चपेट में रहे। जैसलमेर और कोटपूतली-बहरोड़ जिले में हुए दो एक्सीडेंट में 24 लोग घायल हो गए। इनमें एक एसएचओ सहित 4 पुलिसवाले भी शामिल हैं। वहीं, धुंध के कारण उदयपुर में इंडिगो की दो फ्लाइट कैंसिल हो गई। सीकर, नागौर, जैसलमेर सहित कई जिलों कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही।

लगातार चल रही शीतलहर के कारण गलन भरी सर्दी और तापमान में गिरावट भी लोगों को परेशान कर रही है। आज भी राजस्थान के 13 जिलों में 8वीं तक के बच्चों की छुट्टी रही।

मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में कोल्डवेव की चेतावनी जारी की है। तेज सर्दी के बीच कई जिलों में पॉल्यूशन भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। वहीं, मौसम विभाग ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहने और अगले दो-तीन कोहरा और सर्द हवा चलने का पूर्वानुमान जारी किया है।

### पुलिस वैन के परखच्चे उड़े

जैसलमेर के पोकरण में शनिवार सुबह घने कोहरे के कारण मोहनगढ़ थाना पुलिस की गाड़ी और स्लीपर बस में भिड़ंत हो गई। पुलिस वैन का अगला हिस्सा खत्म हो गया। हादसे में थानाधिकारी बाबूराम सहित तीन कॉन्स्टेबल घायल हो गए। वहीं, कोटपूतली-बहरोड़ जिले के प्रागपुरा थाना क्षेत्र में हुए एक्सीडेंट में 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार ड्राइवर सहित तीन लोगों की हालत गंभीर है। जिन्हें जयपुर रेफर किया गया है। वहीं, घने कोहरे का असर उदयपुर में भी रहा। यहां दिल्ली से आने वाली और दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल हो गई। कोहरे के साथ बर्फीली हवा से भी सर्दी बढ़ गई है। शेखावाटी एरिया के जिलों में धुंध-सर्दी का असर सबसे अधिक है। सीकर में रात का तापमान तीन डिग्री से ज्यादा गिर गया।

### सर्दी से एक सप्ताह राहत नहीं

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राज्य में अगले एक सप्ताह फिलहाल इसी तरह की सर्दी रहने की संभावना है। अगले दो-तीन दिन राज्य में घना कोहरा रहने की संभावना है, जबकि शेखावाटी के अलावा जयपुर, भरतपुर संभाग के एरिया में शीतलहर का प्रकोप रहेगा, जिससे इन शहरों में कहीं-कहीं तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है।

### भिवाड़ी की हवा सबसे ज्यादा जहरीली

शनिवार सुबह 7 बजे राजस्थान के भिवाड़ी का एयर क्वालिटी इंडेक्स 354 के करीब रहा। जो कि हवा की क्वालिटी का सबसे खतरनाक स्तर होता है।

इसके अलावा बूंदी, कोटा में भी एक्यूआई 300 या इससे ज्यादा रिकॉर्ड हुआ। राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में एक्यूआई शनिवार सुबह 200 से ज्यादा रहा।

## सीडीएस बोले- ऑपरेशन सिंदूर रुका है, खत्म नहीं हुआ

### पाकिस्तान इसमें बुरी तरह हारा, इमरजेंसी जैसे हालात के लिए स्टैंडर्ड सिस्टम डेवलप कर रहे

बढ़ता राजस्थान



**पुणे।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर केवल रुका है, खत्म नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स (सीडीएफ) जैसा नया पद बनाना पड़ा। ये पद तीनों सेनाओं को सेंट्रलाइड करने के लिए बनाया गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ने पाकिस्तान को संवैधानिक संशोधन करने के लिए मजबूर किया। ये इस बात का सबूत है कि पड़ोसी देश को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। अनिल चौहान ने शुक्रवार को पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल में ये बाते कहीं। उन्होंने कहा कि हम इमरजेंसी हालातों में लागू करने के लिए एक स्टैंडर्ड सिस्टम डेवलप कर रहे हैं।

### सीडीएस की स्पीच की 3 बड़ी बातें

- भारत में प्रस्तावित संयुक्त थिएटर कमांड को लागू करने की समय सीमा 30 मई 2026 तक बढ़ाई गई है। सशस्त्र बल इस व्यवस्था को तय समय से पहले लागू करने की दिशा में काम कर रहे हैं।
- पाकिस्तान में किए गए बदलावों से पता चलता है कि ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान को कई कमियां और कमजोरियां सामने आईं। पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 243 में संशोधन से उसके उच्च रक्षा संगठन में बड़े बदलाव हुए हैं।
- उन्होंने जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन का पद खत्म कर दिया गया है। इसकी जगह चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस का पद बनाया गया है। सीडीएफ का पद केवल सेना प्रमुख द्वारा संभाले जाने का प्रावधान संयुक्तता के सिद्धांत के खिलाफ है।

## जयपुर में 15 जनवरी को 78वें सेना दिवस परेड
# भगवान कृष्ण अर्जुन के रथ को लेकर चले

### ड्रोन शो में देश की सुरक्षा करते दिखे जवान, महाराणा प्रताप, झांसी की रानी व शिवाजी की आकृतियां बनाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में 15 जनवरी को 78वें सेना दिवस परेड के अवसर पर होने वाली शौर्य संध्या-2026 की शनिवार को रिहर्सल की गई। एसएमएस स्टेडियम में लाइट एंड साउंड शो के जरिए ऑपरेशन सिंदूर का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमान के संबोधन से हुई। इसके बाद मद्रास बैंड की धुन पर भारतीय सेना के जवानों मलखंभ का प्रदर्शन किया। रिहर्सल के दौरान कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा, तकनीकी तैयारियां और टाइमिंग को परखा गया। शौर्य संध्या के दौरान फर्स्ट डे कवर का विमोचन किया जाएगा। इसके साथ ही शहीदों के परिजनों का सम्मान, परंपरागत युद्ध कलाओं का प्रदर्शन और आधुनिक तकनीक से तैयार भव्य लाइट एंड साउंड शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 1000 ड्रोन के जरिए ड्रोन शो किए गए। जिसे सेना दिवस समारोह का खास आकर्षण माना जा रहा है।




बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।